
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी

वर्ष : 10 | अंक : 272 | लखनऊ, 13 सितम्बर, शुक्रवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


जब आप करें अपने कानों की क्लीनिंग....


तेजी से फैल रहा गले का संक्रमण......

# पीएम मोदी ने सीजेआई चंद्रचूड के घर जाकर की गणेश आरती

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार रात देश के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड के घर जाकर गणपति पूजन में हिस्सा लिया तो इस पर राजनीति भी शुरू हो गयी। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने इस मामले में जो बयान दिया है वह मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की निष्पक्षता पर सवाल उठाने जैसा है। राउत ने अपने बयानों के माध्यम से, महाराष्ट्र में चल रहे मामले में निष्पक्ष निर्णय देने की मुख्य न्यायाधीश की क्षमता पर संदेह जताने की कोशिश की है। हम आपको बता दें कि शिवसेना (यूबीटी) नेता सुनील प्रभु ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है।

राउत ने कहा, "देखिए, यह गणपति उत्सव है। प्रधानमंत्री अब तक कितने लोगों के घर गए हैं? मुझे जानकारी नहीं है। दिल्ली में कई जगहों पर गणेश उत्सव मनाया जाता है, लेकिन प्रधानमंत्री मुख्य न्यायाधीश के घर पहुंचे और प्रधानमंत्री और मुख्य न्यायाधीश ने मिलकर आरती की। राउत का दावा है कि उनकी चिंताएं इस तथ्य से उत्पन्न होती हैं कि वर्तमान महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ आरोपों से जुड़ा मामला मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ की समीक्षा के अधीन है।" उन्होंने कहा कि अगर संविधान के संरक्षक राजनीतिक नेताओं से इस तरह से मिलते हैं, तो लोगों को संदेह होता है। उन्होंने आगे तर्क दिया कि प्रधानमंत्री, जो मामले में एक पक्ष हैं, उन्हें मुख्य न्यायाधीश के साथ इतने करीब से बातचीत नहीं करनी चाहिए।

राउत के मुताबिक, मुख्य न्यायाधीश को खुद को इस मामले से अलग कर लेना चाहिए क्योंकि केंद्र सरकार के मुखिया के साथ उनके 'संबंध' 'खुले तौर पर सामने' आ रहे हैं। राउत ने यह भी कहा कि पिछले तीन सालों से एक के बाद एक तारीखें दी जा रही हैं और महाराष्ट्र में एक अवैध सरकार चल रही है। उन्होंने राकांपा और शिवसेना जैसी पार्टियों के टूटने की आलोचना की और प्रधानमंत्री पर महाराष्ट्र सरकार को बचाने में दिलचस्पी लेने का आरोप लगाया। राउत ने मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ से खुद को महाराष्ट्र संबंधी मामले से दूर रखने का अपना आह्वान दोहराया। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने कहा कि मुझे ऐसा लगता है कि ऐसी परंपरा है कि ऐसे मामलों में अगर कोई पक्ष है और जज का उससे कोई संबंध है या दिखता है तो वह उस मामले से खुद को अलग कर लेता है।' उन्होंने कहा कि इसलिए मुझे लगता है कि चंद्रचूड़ साहब को इससे (असली शिव-सेना मामले) खुद को अलग कर लेना चाहिए।

# अखिलेश यादव का सीएम योगी पर हमला

## भाजपा ने यूपी को बना दिया फर्जी एनकाउंटर की राजधानी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगेश यादव के एनकाउंटर को लेकर गुरुवार को कहा कि सपा और अखिलेश यादव अपराधियों में जाति ढूंढते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस बयान पर सपा प्रमुख ने पलटवार करते हुए कहा कि मठाधीश और माफिया में ज्यादा फर्क नहीं होता है। अखिलेश पहले भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर दर्ज मुकदमों को समाप्त करने और उनकी भाषा शैली को लेकर आरोप लगा चुके हैं।

वहीं, अयोध्या में सेना की भूमि पर भाजपा नेताओं के प्लाटिंग करने का आरोप लगाया। कुछ रजिस्ट्री के कागजात दिखाते हुए कहा कि भाजपा के विधायकों, पूर्व विधायकों और शासन के बड़े-बड़े अफसरों की फोटो भी रजिस्ट्री के दस्तावेज में हैं। इनको सदन के दोनों सदनों में रखा जाएगा। वहीं, हरियाणा विधानसभा चुनाव में एक भी सीट कांग्रेस गठबंधन से नही मिलने पर यह भी बोले कि सवाल सीट का नहीं जीत का है।

### मुख्यमंत्री गुस्से में घूम रहे : अखिलेश

सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा चुनाव हार गई है। मुख्यमंत्री गुस्से में घूम रहे हैं। भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को फर्जी एनकाउंटर की राजधानी बना दिया है। नकारात्मक दिल और दिमाग वाले विनाश ही कर सकते हैं, विकास नहीं कर सकते है। जो संवेदनहीन हैं, उससे कोई उम्मीद नहीं की जा सकती है। कहा कि सुलतानपुर की घटना में झूठे एनकाउंटर की कहानी गढ़ी जा रही है।

सबको पता है कि एनकाउंटर के नाम पर हत्या की जाती है। मंगेश यादव की हत्या हुई है। गांव से लेकर आसपास के लोग जानते हैं कि रात में पुलिस आई थी और उठाकर ले गई। मुख्यमंत्री को घर परिवार और उसके मां-बहन का दर्द समझ में नहीं आ रहा है। नोएडा में जब जिम सेंटर में पहला एनकाउंटर हुआ था, हमने तब ही सवाल उठाया था। सपा को बदनाम करने के लिए अधिकारी रात 11 बजे तक जान बूझकर हत्या की रणनीति बनाते है।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,332.72

निफटी 24,834.85

# अपनी विचारधारा के प्रति बेहद निष्ठावान थे येचुरी: गहलोत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी के निधन पर दुख जताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि वे अपनी विचारधारा के प्रति बेहद निष्ठावान थे। गहलोत ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, माकपा के वरिष्ठ नेता सीताराम येचुरी के निधन का समाचार बेहद दुखद है। सीताराम येचुरी अपनी विचारधारा के प्रति बेहद कर्मठ एवं निष्ठावान थे। येचुरी को देश-विदेश के राजनीतिक मुद्दों की गहरी समझ थी। उनका जाना भारतीय राजनीति के लिए एक बड़ा नुकसान है। येचुरी का बृहस्पतिवार को नयी दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित अन्य नेताओं ने भी येचुरी के निधन पर शोक जताया।

# हरियाणा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी के स्टार प्रचारकों में केजरीवाल, मान समेत 40 नाम

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी (आप) ने पांच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को 40 स्टार प्रचारकों के नाम जारी किए। इस सूची में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, पार्टी की हरियाणा इकाई के प्रमुख सुशील गुप्ता, वरिष्ठ नेता राघव चड्ढा और संजय सिंह के नाम शामिल हैं। केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी पार्टी के स्टार प्रचारकों में शामिल हैं। कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं होने के बाद आप हरियाणा में अपने दम पर चुनाव लड़ रही है। दिल्ली के आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मामले में केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए आप के अन्य स्टार प्रचारकों में मनीष सिसोदिया, संदीप पाठक, गोपाल राय, सत्येंद्र जैन, आतिशी, सौरभ भारद्वाज और कैलाश गहलोत के नाम शामिल हैं। मान के अलावा, पंजाब से अन्य स्टार प्रचारकों में मंत्री अमन अरोड़ा, हरजोत सिंह बैंस और चेतन सिंह जौरामाजरा समेत अन्य नाम शामिल हैं।

# मुंबई में गणेशोत्सव के पांचवें दिन 2,500 से अधिक मूर्तियों का विसर्जन



एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, गणेशोत्सव के पांचवें दिन बुधवार शाम तक मुंबई में 2,500 से अधिक गणेश मूर्तियों का विसर्जन किया गया। नगर निगम के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के अधिकारियों ने बताया। शाम छह बजे तक शहर में समुद्र और कृत्रिम तालाबों में विसर्जित की गईं 2,574 मूर्तियों में से घरों में स्थापित 2,533 मूर्तियां और सार्वजनिक मंडलों में स्थापित 16 मूर्तियां थीं। दस दिवसीय गणपति उत्सव के दौरान श्रद्धालु डेढ़ दिन, पांच दिन, सात दिन और आखिरी दिन (अनंत चतुर्दशी) पर गणपति को विदाई देते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी 16 सितंबर को अहमदाबाद-गांधीनगर के बीच मेट्रो रेल विस्तार का उद्घाटन करेंगे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 सितंबर को अपने गुजरात दौरे के दौरान अहमदाबाद से गांधीनगर तक बहुप्रतीक्षित मेट्रो रेल विस्तार का उद्घाटन करेंगे। इस मेट्रो ट्रेन विस्तार से दोनों शहरों के बीच सम्पर्क बेहतर होगा।गुजरात सरकार ने बयान में कहा कि प्रधानमंत्री 15 सितंबर से अपने गृह राज्य के दो दिन के दौरे पर आएंगे। इस दौरान वह अहमदाबाद मेट्रो विस्तार के दूसरे चरण का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री के तौर पर अपने तीसरे कार्यकाल के लिए नौ जून को पदभार ग्रहण करने के बाद यह मोदी की पहली गुजरात यात्रा होगी। बयान में कहा गया है कि दूसरे चरण का पहला भाग 21 किलोमीटर तक फैला है। इसमें शुरूआत में कुल आठ नए मेट्रो स्टेशन शामिल होंगे और आवासीय व वाणिज्यिक, दोनों क्षेत्रों में निर्बाध और कुशल परिवहन सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

### हरियाणा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी के स्टार प्रचारकों में केजरीवाल, मान समेत 40 नाम

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी (आप) ने पांच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को 40 स्टार प्रचारकों के नाम जारी किए। इस सूची में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, पार्टी की हरियाणा इकाई के प्रमुख सुशील गुप्ता, वरिष्ठ नेता राघव चड्ढा और संजय सिंह के नाम शामिल हैं। केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी पार्टी के स्टार प्रचारकों में शामिल हैं।

# 8 देशों के एयरफोर्स चीफ ने उड़ाया एक-दूसरे का फाइटर जेट

## 20 राष्ट्र ने किया ऑब्जर्व, हैरतअंगेज कलाबाजी देख बोले रक्षा मंत्री- ये नंबर वन है

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, भारतीय वायुसेना की पहली मल्टीनेशनल एयर एक्सरसाइज तरंग शक्ति 2024 जोधपुर के एयर फोर्स स्टेशन पर देखने को मिली। वायुसेना द्वारा आयोजित इस एयर एक्सरसाइज में भारत समेत आठ देश हिस्सा ले रहे हैं, जबकि 20 अन्य राष्ट्र इसे ऑब्जर्व कर रहे हैं। इंडियन एयर फोर्स के इस पहले बहुराष्ट्रीय तरंग शक्ति एक्सरसाइज में विदेशी वायु सेनाओं के चीफ ने भी शिरकित की।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तरंग शक्ति अभ्यास का निरीक्षण करने पहुंचे। इसके साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 12 से 14 सितंबर तक आयोजित डिफेंस एविएशन एक्सपो का भी उद्घाटन किया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जोधपुर में कहा कि आत्मनिर्भर भारत के नए संकल्प के साथ भारतीय रक्षा क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है। सेंसर, रडार, आदि क्षेत्र में भारत काफी हद तक आत्मनिर्भर हो गया है। आज के वक्त में जहां कई देश युद्ध कर रहे हैं वहीं भारत का लक्ष्य एकजुट रहकर एकसाथ आगे बढ़ना है। दुनिया बदल रही है और नयी चुनौतियां सामने आ रही हैं, ऐसे में हमें अपनी साझेदारी, सहयोग का दायरा बढ़ाना होगा। हमारी वायुसेना, और हमारा रक्षा क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत के नए संकल्प के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज हल्के लड़ाकू विमान, सेंसर, राडार और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर जैसी चीजों में हम बहुत हद तक आत्मनिर्भर हो चुके हैं, और इन क्षेत्रों में लगातार आगे बढ़ने के लिए हम प्रयासरत हैं।

तरंग शक्ति युद्धाभ्यास के दौरान आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में वायुसेना ने हैरतअंगेज करतब दिखा। भारत सहित आठ देशों के वायुसेना प्रमुखों ने एक-दूसरे के लड़ाकू विमान उड़ाए। यह नजारा देख रक्षा मंत्री भारतीय वायुसेना की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि हमारी फोर्स दुनिया में नंबर वन है।

# ओडिशा सरकार ने अगले पांच वर्ष में 200 गौशालाएं स्थापित करने का लक्ष्य रखा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, ओडिशा की भाजपा सरकार ने अगले पांच वर्ष में 200 से अधिक गोशालाएं स्थापित करने का लक्ष्य रखा है और वह इस सिलसिले में निजी संस्थाओं को 90 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान कर रही है।

राज्य के मंत्री गोकुलानंद मलिक बुधवार को विधानसभा को यह जानकारी दी। प्रश्नकाल के दौरान सदन को संबोधित करते हुए, राज्य के मत्स्य पालन एवं पशु संसाधन विकास मंत्री मल्लिक ने कहा कि भाजपा ने अपने चुनाव घोषणापत्र में वादा किया था कि 200 नयी गौशालाएं खोली जाएंगी। उन्होंने विधानसभा के सभी 147 विधायकों से पार्टी लाइन से ऊपर उठकर कम से कम एक-एक गौशाला स्थापित करने का अनुरोध किया। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गौशाला स्थापित करने के लिए पशु कल्याण संगठनों और शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) को वित्तीय सहायता (वास्तविक खर्च का 90 प्रतिशत) प्रदान कर रही है।

# किसानों को मिल रही है मुफ्त बिजली... मगर नहीं उठा रहे लाभ

## अब 90% तक बढ़ाई जाएगी सब्सिडी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। पीएम कुसुम योजना के तहत किसानों को अनुदान पर सोलर सिंचाई पंप उपलब्ध कराने की योजना को प्रदेश में कुछ खास सफलता नहीं मिल रही है। चालू वित्तीय वर्ष में 53 हजार सोलर सिंचाई पंप अनुदान पर वितरित करने के कृषि विभाग के लक्ष्य के सापेक्ष करीब 16 हजार किसानों ने ही आनलाइन पोर्टल पर बुकिंग कराई है। 13 हजार किसानों के आनलाइन टोकन जारी किए गए हैं, जबकि 6700 किसानों ने ही अपने हिस्से की राशि जमा कराई है। जाहिर है वास्तविक उपलब्धि 12.50 प्रतिशत के दायरे में ही सिमटी है। अब अनुदान राशि को बढ़ाकर योजना को गति देने की तैयारी कृषि विभाग के स्तर से की जा रही है।

### पीएम कुसुम योजना में किसानों की रुचि नहीं?

बताया जा रहा है कि सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली मिलने के कारण प्रदेश के किसान पीएम कुसुम योजना में रुचि नहीं दिखा रहा है। योजना के तहत किसानों को सोलर सिंचाई पंप पर केंद्र व राज्य सरकार द्वारा 30-30 प्रतिशत की सब्सिडी दी जा रही है। कृषि विभाग ने शासन को इसे 90 प्रतिशत तक बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है। तर्क दिया गया है कि यूपीनेडा द्वारा संचालित """पीएम कुसुम योजना के घटक सी-1"""' में निजी आनिग्रड पंप सोलराइजेशन के लिए 90 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है, उसी तर्ज पर """पीएम कुसुम योजना घटक बी"""' को भी अनुदान उपलब्ध कराया जाए। यदि अनुदान बढ़ाया जाता है तो प्रदेश सरकार को अतिरिक्त राशि का वहन खुद करना होगा।

# तमिलनाडु के कुड्डालोर में कार और लॉरी की टक्कर

## एक ही परिवार के 3 साल के बच्चे समेत पांच की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, सड़क दुर्घटनाः पुलिस ने बताया कि तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले में चिदंबरम के पास एक कार और लॉरी की टक्कर में एक ही परिवार के 3 वर्षीय बच्चे समेत पांच लोगों की मौत हो गई। यह दुखद दुर्घटना गुरुवार सुबह कामियामकुप्पम में हुई, जहां चिदंबरम से कुड्डालोर जा रहा एक ट्रक एक कार से टकरा गया। कार में सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। चेन्नई का यह परिवार मयिलादुथुराई जा रहा था। मृतकों की पहचान यासिर (40), मोहम्मद अनवर (56), हाजीता बेगम (62), सरपद निशा (30) और 3 वर्षीय अपनान नामक एक लड़के के रूप में हुई है।

### लॉरी चालक मौके से फरार

दुर्घटना के बाद लॉरी चालक और क्लीनर मौके से फरार हो गए। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने क्षतिग्रस्त कार से शवों को निकाला और पोस्टमार्टम के लिए चिदंबरम सरकारी अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने कहा कि ट्रक चालक को शायद झपकी आ गई होगी, जिससे वह नियंत्रण खो बैठा और कार से टकरा गया, जिससे दोनों की मौत हो गई। स्थानीय निवासियों ने इलाके में लगातार हो रही दुर्घटनाओं को लेकर चिंता जताई है, उन्होंने कहा कि इसके लिए बैरियर की कमी है, खासकर विल्लुपुरम नगाई राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य के चलते। कुड्डालोर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा और ड्राइविंग शिष्टाचार पर नियमित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। हालांकि, कई ड्राइवर, खासकर रात में, सड़क अनुशासन का पालन नहीं कर रहे हैं।

# गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान सरस्वती नदी में एक ही परिवार के चार लोग डूबे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

पाटन, बुधवार शाम को एक दुखद घटना घटी, जब भगवान गणेश की प्रतिमा के विसर्जन के दौरान पाटन शहर के पास सरस्वती नदी में एक परिवार के चार सदस्य डूब गए। पीड़ितों की पहचान शीतल प्रजापति (37), उनके किशोर बेटे दक्ष (17) और जिमित (15) और उनके भाई नयन प्रजापति (30) के रूप में हुई है। ये सभी पाटन के वेराई चकला इलाके के निवासी हैं। अधिकारियों के अनुसार, यह घटना शाम करीब 5 बजे हुई, जब विसर्जन समारोह के दौरान नदी की तेज धारा में सात लोग बह गए। निवासियों ने तुरंत दो पुरुषों और एक महिला को बचा लिया, लेकिन प्रजापति परिवार के चार सदस्य लापता बताए गए। दुखद खबर मिलने पर, जिला अधिकारियों ने व्यापक खोज और बचाव अभियान शुरू किया। कलेक्टर अरविंद विजयन ने बताया कि लापता परिवार के सदस्यों का पता लगाने में सहायता के लिए पाटन, मेहसाणा और सिद्धपुर से 15 गोताखोरों को लगाया गया था। इसके अलावा, रात के दौरान खोज क्षेत्र में हेडलाइट का उपयोग करने के लिए 15 ट्रैक्टर और अर्थमूवर तैनात किए गए थे। रात भर अथक प्रयास के बाद, गुरुवार की सुबह चार लापता व्यक्तियों के शव बरामद किए गए। खोज और बचाव दल ने पीड़ितों को खोजने के लिए अथक प्रयास किया, और शवों की बरामदगी के साथ ही अभियान समाप्त हो गया।

# नगर पंचायत बंथरा में बिना अनुमति के बन रही बहुमंजिला इमारते, जिम्मेदार मौन

अमन लेखनी समाचार/अजीत सिंह

बंथरा। नव नगर पंचायत बंथरा मनमाने तरीके से निर्माण के लिए बदनाम हो चुका है जिला और स्थानीय प्रशासन बदनामी के इस कलंक को धोना ही नहीं चाहता और यही कारण है कि वह अनियोजित विकास को खुली आंखों से अपने सामने होते देख रहा है। दरअसल हम बात कर रहे हैं शहर में अनियोजित विकास की, जिसने शहर का नक्शा तेजी से बदला है। बंथरा में कई मल्टी और बहुमंजिला व्यवसायिक इमारतें नगर पंचायत की अनुमति और स्वीकृति के बिना नियम कायदों को दरकिनार कर धड़ल्ले से बनाई जा रही है, लेकिन नगर प्रशासन इसकी तरफ आंख मूंदे हुए बैठा है।

विदित है कि एक निश्चित क्षेत्रफल यानी गरीबी आवास से बड़ा निर्माण कार्य करने के लिए नगर पंचायत, राजस्व विभाग और नगर तथा ग्राम निवेश की अनुमति की आवश्यकता होती है, जिसमें इमारत का बाकायदा नक्शा पास होता है उसे निर्धारित शुल्क देकर नगर पंचायत से अनुमोदित कराना पड़ता है। किसी भी बहुमंजिला इमारत का निर्माण पंचायत व नगरपालिका द्वारा दी गई अनुमति और स्वीकृत नक्शे के हिसाब से ही करना पड़ता है और निर्माण के बाद इसकी रिपोर्ट भी प्रस्तुत करनी पड़ती है कि इमारत अब बनकर तैयार है और इसके निर्माण में नगर पंचायत की अनुमति और स्वीकृति के अनुसार ही काम करवाया गया है, उसी के हिसाब से नगर पालिका संबंधित इमारत में संपत्ति कर (टैक्स) निर्धारित करती है, जो स्थानीय निकाय की आमदनी का एक बड़ा जरिया होती। लेकिन पिछले कुछ दिनों से और मौजूदा दौर में ही शहर के कई इलाकों में बहुमंजिला इमारतों का निर्माण चल रहा है, इनमें न तो टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की परमिशन दी गई है और न ही नगर पंचायत से ही कोई अनुमति दी गई है।

बिना अनुमति स्वीकृति के बनाई जा रही इन बहुमंजिला इमारतों से शहर का विकास और विस्तार तो होता जा रहा है, लेकिन यह आगे चलकर न सिर्फ नगर पंचायत बल्कि स्थानीय नागरिकों के लिए बहुत बड़ा सिरदर्द साबित होने वाला है। बहुमंजिला इमारतों में या उसके आसपास पार्किंग का कोई इंतजाम नहीं है, वेंटीलेशन के लिए जगह नहीं छोड़ी गई है, प्लांटेशन का कोई चित्र नहीं है, कोई ओपन स्पेशल नहीं छोड़ा गया है। कुल मिलाकर जिसकी जैसी मर्जी और सुविधा महसूस हो रही है, वैसा निर्माण कार्य किया जा रहा है। नगर पालिका के अधिकारियों और अमले को इस बात की फुर्सत ही नहीं है कि शहर भ्रमण में देख सके कि कहां-कहां बड़े निर्माण कार्य चल रहे हैं और उनके लिए बकायदा अनुमति ली गई अथवा दी गई है या नहीं।

**अनियोजित विकास यानी शहर का सत्यानाश :**

किसी भी शहर की प्रगति और समृद्धि की पहचान वहां की इमारतें होती है। निश्चित तौर से राजधानी की तहसील सरोजनीनगर में बन रही बहुमंजिला इमारतें शहर की खुशहाली का प्रतीक मानी जा सकती है, लेकिन अनियोजित और अनियंत्रित विकास का एक अर्थ शहर का सत्यानाश भी होता है और मौजूदा दौर में नगरपालिका की अनदेखी, बिल्डर्स और भूमाफिया के साथ मिलीभगत तथा नियम कायदे कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए खुलेआम बिना अनुमति और स्वीकृति के विकास के नाम पर यह बेतरतीब इमारतें निश्चित रूप से कल शहर वासियों के लिए सिर दर्द ही साबित होंगी, जो मल्टी बन रही हैं उन्होंने क्या उनके आसपास पार्किंग की कोई जगह नहीं छोड़ी गई है, प्लांटेशन का कोई स्थान नहीं है, ओपन स्पेस बिल्कुल नहीं है। अब सवाल है कि यह बहुमंजिला इमारतें आवासीय हो अथवा कमर्शियल दोनों ही स्थिति में इन बहुमंजिला इमारतों में रहने वाले अथवा कारोबार करने वाले और इनके आसपास के रहवासी क्षेत्र वासियों को तो समस्या होगी ही। इन मल्टी के मार्गों से शहर के अलग-अलग इलाकों में आवाजाही करने वाले लोगों को भी निश्चित तौर से असुविधा का सामना करना ही पड़ेगा।

**इन स्थानों पर चल रहा इमारतों का काम :**

क्षेत्र मे कई जगह बड़ी इमारतें बनाई जा रहीं है, जो निश्चित तौर पर व्यवसायिक उपयोग हेतु ही बनाई जा रही हैं। शहर के बंथरा, सरोजनीनगर समेत कई अन्य क्षेत्रों पर इन बिल्डिंगों का निर्माण कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है। इन निर्माण कार्यों में नपा से अनुमति भी ली गई है, लेकिन जो अनुमति ली गई है, उस हिसाब से निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार नगर पंचायत के अधिकारियों की साठ गाठ से मनमानी तरीके से भवन निर्माण किए जा रहे हैं और जिस निर्माण की अनुमति दी जाती है। निर्माण की अनुमति के बाद अधिकारी एक भी बार निर्माण स्थल का निरीक्षण नहीं करते है। कुल मिलाकर अनुमति नाम मात्र के लिये ली जाती है और निर्माण कार्य अपने मन से किया जा रहा है।

## सिंगापुर के अंतरराष्ट्रीय मेले में यूपी के पर्यटन स्थलों का होगा प्रचार, विभिन्न भाषाओं में मिलेगी जानकारी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सिंगापुर में आईटीबी एशिया की तरफ से आयोजित अंतरराष्ट्रीय यात्रा व्यापार एवं पर्यटन मेले में उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों का प्रचार किया जाएगा। 23 से 25 अक्टूबर के बीच मरीना बे सैंड्स पर आयोजित किए जा रहे इस मेले में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की तरफ से पंडाल लगाया जा रहा है। इसके जरिए प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में दुनिया भर से आने वाले लोगों को जानकारी दी जाएगी। विभाग की तरफ से सिंगापुर में एक दिवसीय रोड शो का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महाकुंभ-2025 व बौद्ध पर्यटन सर्किट के माडल भी प्रदर्शित किए जाएंगे। साथ ही उप्र के पर्यटन स्थलों के बारे में विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित सामग्री भी वितरित की जाएगी।

## संक्षेप

### पिता-पुत्र ने लात घुसो से दम्पत्ति को पीटा,मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। नदौंली मजरा बरगदिहाखेड़ा गांव निवासी केतकी ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया रंजिश को लेकर गांव में रहने वाले विपक्षी अमरू अपने बेटे रोहित दरवाजे पर आ धमके ओर गाली-गालौज करने लगे,विरोध करने पर लात घूसो से पिटाई कर घायल कर दिया चीख-पुकार सुनकर बचाने आये पति विनय की भी दोनो आरोपियो ने पिटाई कर घायल कर जा ?न से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकलें।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पिता-पुत्र के विरूद्ध मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

### दो पक्षो में जमकर मारपीट,आधा दर्जन घायल

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। परसपुर ठठ्ठा गांव में बीते बुद्ववार को राजेश कुमार का पड़ोसी सतीश कुमार से किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिसके बाद दोनो पक्षो के आधा दर्जन से अधिक लोग लाठी डंडे लेकर आमने सामने आ गये,जिसके बाद दोनो पक्षो में जमकर मारपीट हुयी,जिसमें दोनो पक्षो की महिलाओ समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गये।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस दोनो पक्षो के घायलो को इलाज के लिये सीएचसी लेकर गयी।जहां डाक्टर ने एक पक्ष की महिला की हालत गम्भीर देखते हुये ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया दोनो पक्षो के द्वारा दी गयी तहरीर पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने समेत बलवा की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी है।

### विवाहिता को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने वाले ससुरालीजनो पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज के प्राइवेट सोसाईटी में रहने वाली विवाहिता ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया पिता ने अपने सामर्थ अनुसार दान दहेज देकर 2019 में उसका विवाह बालकृष्ण पाल निवासी खागीपुर सडवा थाना भदोखर जनपद रायबरेली के साथ किया था विवाह के पश्चात कम दान दहेज मिलने की बात कहकर उलाहना देने के साथ ही पति बालकृष्ण व ससुर विजय शकंर,देवर रामकृष्ण,नंद ममता व नंदोई सुरेन्द्र उसको प्रताड़ित करने लगे ओर और दहेज मिलने के बाद ही सही से घर में रहने देने की बात कही,जब उसने पिता के द्वारा और दहेज देने में असमर्थता जतायी तो ससुरालीजनो की उसली पिटाई कर दी।पति भी उसे गांव में छोड़कर नौकरी पर चले गये ओर ससुर व देवर उसे प्रताड़ित करने के साथ ही छेड़छाड़ शुरू कर दी।थाना प्रभारी ने बताया पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पति समेत ससुरालीजनो पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म बाद में वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी,रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। दिल्ली में रहने वाली एक युवती ने रायबरेली जिले के महाराजगंज थानान्तर्गत मऊ गांव निवासी यशवीर सिंह के खिलाफ शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप लगाने के साथ ही जान से मारने की धमकी देने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित युवती के मुताबिक यशवीर सिंह से उसकी सोशल मीडिया और इंस्टाग्राम पर बातचीत होती थी। जिससे वह एक दूसरे के परिचित हो गए। पीड़िता का कहना है कि 20 अगस्त को सुबह वह लखनऊ में इंटरव्यू देने के लिए आलमबाग पहुंची। जहां यशवीर ने कॉल करके सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आस्था होटल में रुकने की व्यवस्था की। आरोप है कि शादी का झांसा देकर आरोपी ने होटल में उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान आरोपी ने छुपकर वीडियो और फोटो बना ली। दूसरे दिन उसे दिल्ली भेज कर धमकी दी कि उसने अपने कुछ साथियों को वीडियो दिखाए। इस दौरान यह भी धमकी दी अगर किसी को बताया तो वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। पीड़िता का कहना है कि उसने जब अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी तो उसका भाई यशवीर से बात करने गया। जहां यशवीर ने उसे भी धमकी देकर भगा दिया। आरोप है कि अब आरोपी व उसके परिजन पीड़िता को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। फिलहाल पीड़िता की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## चार्जशीट से निकाल दिया था आजम खान का नाम, पूर्व एसपी समेत कई बड़े अधिकारियों पर गाज!

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। रामपुर में शत्रु संपत्ति हड़पने के लिए किए गए फजीर्वाड़े के मामले से पूर्व मंत्री आजम खान का नाम निकालने को लेकर शासन ने पूर्व एसपी अशोक शुक्ला के विरुद्ध उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। इस संबंध में गृह विभाग ने जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। कमेटी में अलीगढ़ की मंडलायुक्त चैत्रा वी तथा पुलिस महानिरीक्षक सतर्कता मंजिल सैनी को शामिल किया गया है। दोनों अधिकारी मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय परिसर के अंतर्गत आने वाली शत्रु संपत्ति को हड़पने के मामले में विवेचना बदलने और आजम का नाम हटाने की जांच करेंगी।

### शत्रु संपत्ति के रिकॉर्ड से हुई थी छेड़छाड़

रामपुर में बने मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय परिसर के अंतर्गत आने वाली भूमि इमामुद्दीन कुरेशी पुत्र बदरुद्दीन कुरैशी के नाम दर्ज थी। इमामुद्दीन कुरेशी 1947-48 में भारत छोड़कर पाकिस्तान चले गए थे। इसके बाद वर्ष 2006 में यह संपत्ति शत्रु संपत्ति के रूप में दर्ज कर ली गई थी।

भूमि के रिकॉर्ड की जांच करने पर यह मामला प्रकाश में आया था कि राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में फजीर्वाड़ा कर शत्रु संपत्ति को खुर्द बुर्द करने के लिए आफाक अहमद का नाम गलत तरीके से राजस्व रिकॉर्ड में अंकित कर दिया था।

### आजम खान को बनाया गया था आरोपी

रिकॉर्ड के संबंध में फर्जी प्रविष्टियां प्रकाश में आने पर वर्ष 2020 में रामपुर के थाना सिविल लाइंस में मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसकी विवेचना के दौरान वर्ष 2023 में लेखपाल के बयानों के आधार पर मोहम्मद आजम खान का नाम आरोपियों में शामिल कर दिया गया था। इसके बाद तत्कालीन एसपी ने विवेचना अधिकारी गजेंद्र त्यागी से विवेचना हटाकर अपराध शाखा में इंस्पेक्टर श्रीकांत द्विवेदी को सौंप दी थी। आरोप है कि मामले में जालसाजी की धारा 467 /471 का विलोपन कर धाराओं को हल्का कर चार्जशीट से आजम खान का नाम भी निकाल दिया गया। विवेचक बदलने व विवेचना को प्रभावित कर अदालत में सतही व दूषित चार्जशीट दाखिल करने के इस मामले में शामिल पूर्व एसपी सहित पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारी भी नप सकते हैं।

## बिजली चोरी पकड़ने पर जेई व कर्मियों को पीटा, जान बचाकर भागे

### उपभोक्ता ने लगाया बहू से छेड़छाड़ व जेवर लूटने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बिजली चोरी की जांच करने पहुंची लेसा टीम से उपभोक्ता व उसके परिजनों ने मारपीट की इससे अवर अभियंता के सिर पर गंभीर चोट आ गई। हंगामा बढ़ने पर लेसा टीम जान बचाकर उपकेंद्र पहुंची। हंगामे की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपितों को गिरफ्तार किया। हालांकि दूसरे पक्ष ने बिजलीकर्मियों पर घर की महिलाओं से छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए थाने पहुंचकर काफी देर तक हंगामा किया।

मलिहाबाद के तहसील पावर हाउस में तैनात अवर अभियंता त्रिभुवन सिंह ने उच्च अधिकारियों के निर्देश पर बृहस्पतिवार सुबह मलिहाबाद के चौधराना मोहल्ले में पहुंची जहां बैटरी रिक्शा चार्ज किया जा रहा था बिजली विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि अनीश के घर पर घरेलू कनेक्शन पर इनकमिंग केबिल काटकर बाईपास किया गया था। जिससे तीन बैटरी ई-रिक्शे चार्ज किए जा रहे थे। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने जैसे ही बिजली चोरी की कार्रवाई शुरू की तो अनीश व उसका परिवार हमलावर हो गया। दोनों पक्षों के बीच जमकर विवाद हुआ। काफी देर हंगामे के बाद दोनों पक्षों ने मलिहाबाद थाने पर पहुंच कर एक दूसरे के खिलाफ शिकायत की पुलिस ने बिजली विभाग की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### महिला ने की मलिहाबाद पुलिस से शिकायत

वहीं दूसरे पक्ष की महिला अनिसुन निशा ने आरोप लगाया है कि सुबह चार-पांच लोग सीढ़ी लगाकर उसके घर में घुस गए और सो रही बहू के साथ छेड़छाड़ करने लगे। उसके बाद उसके सोने-चांदी के जेवर भी छीन लिए। शोर सुनकर अन्य परिजन जागे, तो ये लोग कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने महिला की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है।

## लखनऊ-गोरखपुर समेत 42 जिलों में भारी बारिश के आसार, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। राजधानी और आसपास समेत 42 जिलों में शुक्रवार तक भारी बारिश के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है। गोरखपुर-आगरा सहित कई जिलों में इसकी शुरूआत हो गई है। गोरखपुर में देर रात से ही गरज चमक के साथ रह-रहकर बारिश हो रही है। इस दौरान 20 से 25 किलोमीटर की रफ्तार से हवा भी चल रही है। सोमवार और मंगलवार को तेज धूप होने के कारण लोग उमस से परेशान हुए लेकिन बुधवार को बादल और तेज हवाओं ने मौसम को सुहाना बना दिया। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले दो-तीन दिन हल्की से भारी बारिश होगी। इसकी वजह से अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, बुधवार को बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, प्रतापगढ़ और आसपास के इलाकों में अत्यधिक बरसात के पूवार्नुमान है। वहीं, सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी, संत कबीर नगर, जौनपुर, कानपुर नगर, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, हमीरपुर, बुंदेलखंड, झांसी और आसपास के जिलों में भारी वर्षा और वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है। इन जिलों में तेज हवा भी चलने के आसार हैं। अगर जरूरी ना हो तो लोग बाहर निकलने से बचें। गुरुवार तक रुक-रुककर बारिश होती रहेगी। शुक्रवार को धूप और बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। इससे गर्मी और उमस से राहत मिलेगी।

## अब ट्रेनों पर पत्थर फेंकने से पहले 100 बार सोचेंगे लोग, डीजीपी ने कर दिया बंदोबस्त; अवैध निर्माण भी हटेंगे

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कानपुर में कालिंदी एक्सप्रेस ट्रेन को विस्फोट कर डिरेल करने की साजिश सामने आने के बाद बुधवार को डीजीपी प्रशांत कुमार ने रेलवे लाइन की सुरक्षा व अराजक तत्वों पर निगरानी के संबंध में रेलवे सुरक्षा बल व रेलवे के अन्य अफसरों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग की। उन्होंने कहा कि रेलवे ट्रैक की सुरक्षा के लिए हाईटेक तकनीक का इस्तेमाल किया जाए। आरपीएफ व जीआरपी समन्वय बनाकर संयुक्त रूप से रेलवे लाइन के आस-पास प्रतिदिन गश्त करें। ट्रेनों पर पत्थरबाजी करने वालों को चिह्नित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। रेलवे ट्रैक के आस-पास अवैध निर्माण को नियमानुसार हटाने की कार्रवाई शुरू की जाए।

## यूपी के परिषदीय स्कूलों में माता-पिता जांचेंगे बच्चे की कॉपी, बदल गई है पूरी व्यवस्था

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। परिषदीय स्कूलों में अब परीक्षा की कापियां अभिभावकों को दिखाई जाएंगी। सभी विद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि वह मूल्यांकन के बाद अभिभावकों को कापियां दिखाएं और कहां उनका बच्चा कमजोर है इसकी जानकारी दें। अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) में छात्रों की प्रगति रिपोर्ट पर शिक्षक चर्चा करें। कमजोर विद्यार्थियों को चिह्नित कर उनके लिए उपचारात्मक कक्षाएं लगाई जाएं।

शिक्षाधिकारी भी निरीक्षण के दौरान परीक्षा परिणाम की जानकारी लेंगे। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह 18 सितंबर से लेकर 24 सितंबर तक आयोजित होने वाली सत्रीय (अर्द्ध वार्षिक) परीक्षाओं की कापियां अभिभावकों को अनिवार्य रूप से दिखाएं।

### अभी तक क्या होता था?

अभी तक शिक्षक सीधे विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम ही अभिभावक को देता है। ऐसे में अपने बच्चों की कमजोरी के बारे में अभिभावक ढंग से जानकारी नहीं ले पाते। अब निजी विद्यालयों की तर्ज पर अनिवार्य रूप से परीक्षा की कापियां दिखाने की व्यवस्था को लागू किया जा रहा है। अभी शिक्षक मनमाने ढंग से अंक देते हैं। तमाम विद्यालयों में परीक्षा की कापियां तक सुरक्षित नहीं रखी जाती। अब ऐसा नहीं होगा। जिला व राज्यस्तरीय निरीक्षण टीमें विद्यालयों में मासिक पाठ्यक्रम पूरा कराया गया है या नहीं इसकी रिपोर्ट भी स्कूली शिक्षा महानिदेशालय को देंगी। ऐसे स्कूल जहां पाठ्यक्रम अधूरा है, वहां के प्रधानाध्यापक से इसके बारे में स्पष्टीकरण भी लिया जाएगा। गुणवत्तापरक शिक्षा विद्यार्थियों को मिले इसके लिए यह उपाय किए जा रहे हैं।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबन्द ''खुली निविदा'' वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना संख्या:**– 28 वर्ष 2024, **कार्य का विवरण:**– स्टेशनों (LC, MBP, AA, SD, BKT, KMP, KB) पर स्वचालित अग्नि संसूचन और अलार्म प्रणाली (AFDAS) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग और LJN डिवीजन में पुराने और खराब हो चुके अग्निशामक यंत्रों को बदलना।, **अनुमानित लागत:**– रु. 46,82,554.74, **बयाना राशि:**–रु. 93,700.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:**– रु 00.00, **कार्य समापन अवधि:**– 06 माह, **निविदा सूचना संख्या:**– 30 वर्ष 2024, **कार्य का विवरण:**– समपार 304 सी (BUW) और समपार 231 सी (SNC) पर प्रस्तावित LHS के संबंध में एस एंड टी केबल शिफ्टिंग कार्य और सर्किट परिवर्तन, **अनुमानित लागत:**– रु. 48,09,168.49, **बयाना राशि:**– रु. 96,200.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:**– रु 00.00, **कार्य समापन अवधि:**– 06 माह, **(1) निविदाओं के बन्द होने की अंतिम तिथि एवं समय:**– **01.10.2024 को 15.00 बजे। नोट:**– इस निविदा के विरुद्ध मैन्युअल आफर स्वीकार नही किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैन्युअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** को देखें।

वरिष्ठ मण्डल सिंगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, मुजाधि/सिग्नल–41 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## कार से युवक को किया अगवा, रास्ते भर पीटा, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। कार सवार कुछ लोगों ने एक युवक का अपहरण कर लिया पीटते हुए लोहिया पार्क ले गए। किसी तरह वह जान बचाकर भागा और दोस्त को इसकी जानकारी दी। सूचना पर पुलिस व परिजनों ने तलाश शुरू की तो युवक डालीगंज इलाके में मिला। पीड़ित के पिता रजा हुसैन ने रहीमाबाद थाने पर अपहरण का केस दर्ज कराया है। उन्नाव जनपद औरास थाना क्षेत्र के ग्राम भुलभुला खेड़ा निवासी रोबिन हरदोई-लखनऊ रोड पर हो रहे निर्माण कार्य में काम करता है। बुधवार शाम को वह बाइक से घर लौट रहा था। रहीमाबाद में मुंशीखेड़ा गांव के पास कार सवार तीन लोगों ने उसे रोक लिया और अगवा कर ले गए। चलती गाड़ी में उसे बेरहमी से पीटा और मोबाइल भी छीन लिया।

रोबिन के मुताबिक देर रात एसयूवी सन्नाटे वाली जगह पर रुकी। तीन अपहरणकर्ता जैसे ही गाड़ी से उतरे वह गाड़ी से कूदकर भाग निकले। पास में ही लोहिया पार्क के पास गड्ढे में जाकर छुप गए। कुछ देर के बाद आरोपी चले गए। इसके बाद उसने ई रिक्शा किया और चालक के मोबाइल से रहीमाबाद थाना क्षेत्र के एक मित्र को कॉल कर घटना की जानकारी दी जिसपर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया हैं।

## स्कूल जा रही छात्रा से सरेराह छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। एक निजी स्कूल की छात्रा से बाइक सवार शोहदे ने छेड़छाड़ की और मोबाइल नंबर देते हुए बात करने का दबाव बनाया। डरी सहमी छात्रा ने भाग कर स्कूल पहुंची और प्रिंसिपल को पूरी बात बताई। और जिसपर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली आठवीं की छात्रा बृहस्पतिवार सुबह घर से स्कूल जाने के लिए निकली। रास्ते में नगर पंचायत के मुंशीगंज निवासी नरेंद्र बाइक से पहुंचा और छात्रा से छेड़छाड़ करने लगा। छात्रा ने नजरअंदाज किया तो आरोपी उसका पीछा करने लगा। कुछ दूरी पर बाइक लगाकर छात्रा को रोक लिया। उसको अपना मोबाइल नंबर देते हुए बात करने के लिए दबाव बनाने लगा। इसका विरोध करने पर आरोपी ने दी धमकी। बृहस्पतिवार सुबह छात्रा भागकर स्कूल पहुंची और बताई आपबीती बीच सड़क पर छेड़छाड़ से छात्रा काफी डर गई। किसी तरह वह वहां से भागकर स्कूल पहुंची और प्रिंसिपल के सामने रोते हुए पूरी बात बताई। प्रिंसिपल ने परिजनों को बुलाया। इसके बाद परिजन छात्रा को थाने ले गए। जहां छात्रा के परिजनों ने शोहदे के खिलाफ तहरीर दी है इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।।

## कंपनी के अंदर चालक की अचानक तबियत बिगड़ने से अस्पताल में मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में बुधवार रात कंपनी के अंदर एक चालक की अचानक तबियत बिगड़ गई। आनन फानन उसे लोकबंधु अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक पारा के बुद्धेश्वर में रहने वाला राकेश पाल (35) सरोजनीनगर के अमौसी औद्योगिक क्षेत्र (नादरगंज) स्थित एक बीड़ी कंपनी में गाड़ी चलाता था। बुधवार रात कंपनी के अंदर राकेश की अचानक तबियत बिगड़ गई। मजदूरों ने आनन फानन उसे ले जाकर लोक बंधु अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही इसकी सूचना राकेश के परिजनों को दी। सूचना के बाद परिजन अस्पताल पहुंचे तो वहां उन्हें पता चला कि राकेश की मौत हो चुकी है। बाद में इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सरोजनीनगर थाना प्रभारी राजदेव राम प्रजापति का कहना है कि मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उसकी मौत का सही कारण पता चल सकेगा और उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। उधर मृतक राकेश के परिवार में उसकी पत्नी मिथलेश के अलावा तीन बच्चे हैं।

# संक्षेप

## पुलिस हिरासत से हिस्ट्रीशीटर युवक फरार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार से हिस्टीशीटर अपराधी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। काफी तलाश के बाद भी फरार युवक पुलिस की गिरफ्त में नही आ सका।थाना बिहार के चौकी भगवन्तनगर गाँव मुनउखेडा निवासी अतुल सिंह पुत्र शिव बहादुर सिंह थाना बिहार का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है । इसके ऊपर गैंगेस्टर सहित करीब एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज है। इसका छोटा भाई अर्पित सिंह भी अपराधी किस्म का है । अर्पित सिंह भी एक बार पुलिस को गच्चा देकर थाने से भाग निकला था। दोनो भाइयों के ऊपर हत्या, लूट, सहित संगीन धाराओं में उन्नाव ही नही अपितु अन्य जिलों के थाने में मुकदमे दर्ज है। एक मामले में पुलिस को काफी समय से अतुल सिंह को खोज रही थी । दो दिन पहले पुलिस ने उसे जप्सरा गाँव से हिरासत में लिया था और थाने ले आयी। रात में हिस्ट्रीशीटर अतुल सिंह पुलिस से नजरे बचाकर भाग निकला जब पुलिसकर्मियों ने उसे बैठा न देखा उनके हाथ पांव फूल गए और खोज में लग गए । सूत्रों के अनुसार उसकी कागजी कार्यवाही होनी थी लेकिन उससे पहले ही फरार हो गया।

## मदिर के कमरे का ताला तोड़कर चोरों ने पार कर दिया हजारों का सामान

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीती रात पंचलेश्वर महादेव मन्दिर के कमरे का ताला तोड़कर चोरों ने उसमे रखा इनवैटर बैटरी व अन्य सामान पार कर दिया सुबह जब ग्रामीण मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंचे तो वहां का सामान गायब देख उनके होश उड़ गए ग्रामीणों ने पुलिस को शिकायत पत्र दिया पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही हैकोतवाली क्षेत्र के अटवा निवासी शिवाकांत बाजपेई रामेंद्र सिंह अभिषेक सिंह संजय तिवारी आदर्श सिंह के के मिश्रा रमन शर्मा शिवा रावत ने पुलिस को दिए शिकायत पत्र में बताया की गांव में पंचलेश्वर महादेव का मंदिर स्थापित है जिसमे सभी ग्रामीण पूजा अर्चना करते चले आ रहे हैं बीती शाम ग्रामीण मंदिर में आरती कर गेट का ताला बंद कर अपने अपने घरों को चले गए सुबह जब ग्रामीण मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंचे तो देखा कि मंदिर के कमरे का ताला टूटा पड़ा है और उसमे रखा सभी समान अज्ञात चोर ले गए ये देख ग्रामीणों में रोष पनप गया पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## युवक के हाथ में बंदर ने काटा उंगली, हुई अलग

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के एक गांव निवासी वृद्ध को बंदर ने काट लिया जिससे एक हांथ की एक उंगली ही अलग हो गई परिजन सी एच सी उपचार के लिए ले गये ।थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव पट्टी हमीद निवासी इतमद अली पुत्र मासूक अली उम्र लगभग पैसठ वर्ष अपने घर पर थे तभी बंदर ने हमला कर दिया और उनके एक हांथ की एक उंगली मे काट लिया जिससे उंगली अलग हो गई परिजन तुरत उपचार के लिए सी एच सी फतेहपुर चौरासी ले गये। जहाँ बंदरों के आतंक से गांव में दहशत बनी है ।

# 64 करोड़ की लागत से बने नवनिर्मित पुल पर आवागमन हुआ चालू

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। लखनऊ-कानपुर हाईवे पर यातायात की समस्याओं से निजात पाने का सपना अब साकार हो चुका है। 64 करोड़ रुपये की लागत से 1.640 किलोमीटर लंबे पुल का निर्माण पूरा हो गया है और गुरुवार से इसे आम लोगों के आवागमन के लिए खोल दिया गया है।

निर्माण एजेंसी पीएनसी द्वारा पुल के सभी आवश्यक कार्य जैसे सेफ्टी ग्रिल, मार्किंग और एप्रोच रोड का काम पहले ही पूरा कर लिया गया था। फ्लाईओवर का निरीक्षण भी सफलतापूर्वक पूरा हुआ, जिसमें कोई खामी नहीं पाई गई। इस खुशी के मौके पर यातायात प्रभारी भुवन सिंह मौर्य ने यात्रियों को लड्डू खिलाकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया।



लखनऊ-कानपुर हाईवे पर बढ़ती वाहन संख्या के कारण अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न होती थी। इस समस्या के समाधान के लिए सांसद साक्षी महाराज ने केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर फ्लाईओवर के निर्माण की मांग की थी। केंद्रीय मंत्री ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी और 2020 में पुल के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हुई ।2021 में 64 करोड़ की लागत से पुल का निर्माण कार्य शुरू हुआ, लेकिन निर्माण के दौरान कई अड़चनें आईं। पहले जुलाई और फिर अगस्त में पुल को शुरू करने का दावा किया गया, लेकिन कानपुर की ओर आने वाली नहर पर पुल के निर्माण में देरी के कारण फ्लाईओवर का उद्घाटन नहीं हो सका। हाल ही में नहर विभाग ने नहर पर पुल का निर्माण पूरा कर लिया और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने भी अपना काम पूरा किया। इसके बाद, फ्लाईओवर का निर्माण एजेंसी पीएनसी ने भी सभी आवश्यक कार्य पूरे कर लिए, जिससे पुल को आम जनता के लिए खोलने की प्रक्रिया शुरू की गई ।लखनऊ-कानपुर हाईवे पर स्थित गदनखेड़ा चौराहा, उन्नाव-रायबरेली और लखनऊ-कानपुर हाईवे का मुख्य चौराहा है। यहां रोजाना लगभग 30 हजार वाहनों का आवागमन होता है, जिससे अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न होती थी। पहले इस पुल का निर्माण उन्नाव-लालगंज हाईवे पर प्रस्तावित था, जिससे करीब दो हजार मकान प्रभावित होने वाले थे। स्थानीय लोगों ने सांसद साक्षी महाराज से मिलकर पुल को लखनऊ-कानपुर हाईवे पर बनाने की मांग की। सांसद के प्रयासों से पुल का निर्माण लखनऊ-कानपुर हाईवे पर मंजूर हुआ, जिससे हजारों परिवारों की मुश्किलें हल हो गईं।

# झमाझम बारिश से नाली-नाले उफनाए

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। गुरूवार को पूरे दिन हुई बारिश के चलते नाले उफान पर आ गए, जिससे पालिका क्षेत्र के अधिकांश गली मोहल्लों में पानी भर गया। जिस कारण सर्वोदय नगर, कृष्णा नगर, कंचन नगर, आदर्श नगर जैसे मोहल्ले पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं, जहां घरों में गंदा सीवर का पानी भर गया है। गांधी नगर, पोनी रोड, नेहरू नगर, साकेत पुरी और अंबिका पुरम के इलाकों में भी भारी जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में, जैसे पीपरखेड़ा, श्रीनगर, ब्रह्म नगर, मंशाखेड़ा, नाथूखेड़ा और राम नगर, जलभराव ने सड़कों और गलियों को घुटने तक पानी से भर दिया। गोपीनाथपुरम, नेहरू नगर और ऋषि नगर जैसे क्षेत्रों में भी गलियों में पानी भर जाने के कारण लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ा। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश के कारण जलभराव हो गया। कच्ची गलियां होने के कारण वाहन सवार कई बार गिरते बचे। वहीं पोनी रोड पर भी अधिक जलभराव हो गया। बारिश बंद होने के बाद भी बारिश का पानी मुख्य मार्ग पर भरा रहा।

# आवारा पशुओं से किसानों की फसल हो रही चौपट

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र में आवारा पशुओं की धमाचौकड़ी से क्षेत्रीय लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई हैं। सड़कों, रास्तों पर घूमते आवारा पशु जहां मार्ग दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं जिससे आए दिन लोग चोटिल हो जाते हैं वहीं किसानों की आजीविका के साधन खेतों में खड़ी फसलें इनके द्वारा तहस नहस कर देने से किसान परिवारों को पेट भरने के लिए मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के गांव गजफ्फर पुर पैसरा निवासी कैलाश के पास थोड़ी खेती है जिसमें अनाज उगाकर वह अपने बच्चों तथा अपना पेट भरता है। इस समय उसने अपने खेत में मक्का उड़द मूंग आदि खरीफ की फसल बो रखी थी। बुधवार रात आवारा पशुओं ने उसकी पूरी फसल तहस नहस कर दी। सुबह खेत गए कैलाश नष्ट पड़ी फसल देखकर हक्का बक्का रह गया पूरी फसल टूटी और पशुओं द्वारा चरी पड़ी थी। उसने घर जाकर पूरी बात बताई तो घरवाले भी फसल देखने खेत पर पहुंचें। नष्ट पड़ी फसल देखकर पत्नी तथा घर वाले भौचक रह गए। कैलाश ने बताया कि उसके पास जीवन यापन करने का अन्य कोई साधन नहीं है। दोनों पति पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है। उसने शासन प्रशासन से आवारा पशुओं से निजात दिलाने और सहायता करने की मांग करते हुए जन प्रतिनिधियों से भी मदद की गुहार लगाई है ।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरखंडीखेड़ा गांव में जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच जबरदस्त मारपीट हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि आपका अपना दैनिक अखबार अमन लेखनी समाचार पत्र नहीं करता है जानकारी के अनुसार, बरखंडीखेड़ा गांव में एक पक्ष पीड़िता संगीता यादव के अनुसार सहन की जमीन के उपयोग को लेकर दो परिवारों के बीच विवाद चल रहा था। यह विवाद कई दिनों से चल रहा था, जिसमें दरवाजे पर गंदा पानी भरने को लेकर और भी तनाव उत्पन्न हो गया था। स्थानीय निवासियों के मुताबिक इस विवाद को लेकर पहले भी कहासुनी हो चुकी थी। लेकिन बीते दिन में यह विवाद हिंसक झड़प में बदल गया ।मारपीट की घटना के दौरान दोनों पक्षों ने लाठी-डंडों का इस्तेमाल किया। जिसमे महिलाएं भी मारपीट करने पहुंच गई। जिससे इलाके में दहशत फैल गई। वीडियो में स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि दोनों पक्ष एक-दूसरे पर जमकर हमला कर रहे हैं और आसपास के लोग स्थिति को नियंत्रित करने में असमर्थ नजर आ रहे हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही क्षेत्रीय प्रशासन और पुलिस की ओर से कार्रवाई की मांग तेज हो गई है ।उन्नाव पुलिस ने इस घटना का संज्ञान लेते हुए मामले की गंभीरता को समझा और एक्शन लिया। बिहार इंस्पेक्टर सुरेश चंद्र मिश्रा ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और दोनों पक्षों को थाने में बुलाकर पूछताछ की। पुलिस का कहना है कि मामला संज्ञान में है और संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत रखने की अपील की है और उन्हें समझाया है कि भविष्य में किसी भी तरह की घटना न घटित करे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब में उतरता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के सकहन राजपूतान गांव का रहने वाला एक क्लीनिक संचालक बुधवार की शाम घर से निकाला और वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। गुरुवार की सुबह आसीवन थाना क्षेत्र में स्थित तालाब में उसका शव पड़ा मिला। ग्रामीणों की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को निकलवाया है और कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

सफीपुर थाना क्षेत्र के सकहन राजपूतान गांव निवासी सोनेलाल राठौर का 24 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार राठौर क्लीनिक संचालक था बुधवार के शाम सुनील घर से निकला और देर रात तक वापस नहीं लौटा, जिसके बाद परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की और घटना की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी। काफी वक्त बीत गया। लेकिन कुछ पता नहीं चल सका ।गुरुवार की सुबह आसीवन थाना क्षेत्र के मियागंज सफीपुर रोड स्थित एक तालाब में सुनील का शव उतराता देखा गया। राहगीरों की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से तालाब से उसके शव को बाहर निकाल पास में ही उसकी बाइक पड़ी मिली। पुलिस ने घटना की जानकारी सुनील के परिजनों को दी मौके पर पहुंचे परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है और घटना को संदिग्ध बताया है।

मृतक सुनील के भाई की 3 साल पहले बीमारी की चलते मौत हो गई थी। घटना के बाद परिजन रो-रोकर बेहाल होते रहे पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। थाना आसीवन प्रभारी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया बाइक फिसलने से हादसा होने की आशंका है, जांच पड़ताल की जा रही है पीएम रिपोर्ट के बाद अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

# लकड़ी लाद कर जा रहा ट्रक पलटा ,लगा लम्बा जाम

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। थाना असोहा क्षेत्र के कालूखेड़ा असोहा मार्ग पर चंदन खेड़ा कस्बे में राजपूत मशीनरी स्टोर के पास लकड़ी लाद कर जा रहा ट्रक मार्ग के बीच बने खड्डे में फंस कर देर रात पलट गया ,ट्रक पलटने की वजह से जाम लग गया , यह जाम सुबह चन्दनखेड़ा से पांच किलोमीटर दूर सरवैया मोड़ तक लगा रहा । जाम लगने की वजह से लोगो को खासी परेशानी उठानी पड़ी । ज्ञात हो की कालूखेड़ा भल्लाफार्म मार्ग पर रोज कोई न कोई वाहन फंसता है पलटता है जिसके चलते आने जाने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है । छेत्र के नीरज त्रिपाठी , अंशु अवस्थी , शिवनारायण , दिनेश पांडेय , रामभरोसे , अमन विश्वकर्मा आदि लोगो ने मार्ग को ठीक कराये जाने तथा बड़े वाहनों को न निकाले जाने की मांग की है । समाचार लिखे जाने तक उक्त ट्रक ज्यो का त्यों पड़ा था जिससे यातयात प्रभावित रहा

# 37 बिंदुओं की विस्तृत सीडीओ ने की समीक्षा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा द्वारा विकास कार्यो का मूल्यांकन एवं अनुश्रवण, सीएम डैशबोर्ड, एवं शासन के विकास कार्यो की प्राथमिकता के 37 बिन्दुओं की विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक में सीडीओ द्वारा सीएम डैशबोर्ड एवं शासन के विकास कार्यो की प्राथमिकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सोलर लाईट, एमओयू मॉनीटरिंग, खराब ट्रॉन्सफार्मरों का बदला जाना, दैनिक विद्युत आपूर्ति, बीज डीबीटी, 102, 108 एम्बुलेंस, अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता एवं निगरानी, चिकित्सा सुविधाएं एवं आयुषमान कार्ड, दिव्यांग पेंशन, जल जीवन मिशन, शौचालय निर्माण, सामाजिक वनीकरण, ऑपरेशन कायाकल्प, पीएम पोषण, विद्यालय निरीक्षण, मिड-डे-मील, निराश्रित गौवंश संरक्षण, पशु टीकाकरण, पशुओं में कृत्रिम गभार्धान, मत्स्य सम्पदा योजना, निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना आदि की प्रगति के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ली गयी। समीक्षा के दौरान विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में खराब प्रगति वाले विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता के कार्यक्रमों की मुख्यमंत्री के स्तर पर नियमित रूप से समीक्षा की जाती है। इसलिए सभी विभाग अपने-अपने विकास कार्यक्रमों एवं योजनाओं की भौतिक व वित्तीय प्रगति में सुधार लाएं अन्यथा सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही होगी। उन्होने कहा कि विकास कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार का विलम्ब न हो। उन्होंने विद्युत विभाग की रैंक खराब तथा अन्य विभागों की रैंक को अच्छा बताते हुए कहा कि जिन विभागों की रैंके अच्छी है वे अपनी रैंक को मेन्टेन रखें तथा जिनकी रैंक खराब है वे प्रयास कर अपनी रैंक को सुधारें। उन्होने वात्सल्य योजना की स्थिति सुधारने के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। यह भी कहा कि बेटी बचाओ -बेटी पढाओ अभियान की तर्ज पर लड़कों को भी संवेदनशील बनाए जाने की आवश्यकता है ।बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सत्य प्रकाश, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ0 नीलम सिंह, अधिशासी अभियन्ता हरदयाल अहिरवार, उप निदेश कृषि डा0 मुकुल तिवारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# 50 लीटर अवैध कच्ची शराब समेत महिला व युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत आबकारी विभाग द्वारा की गई छापेमारी में दो अभियुक्तो के पास से 50 लीटर अवैध कच्ची शराब व मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार करते हुए आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया ।थाना बिहार क्षेत्र के अकवारा गाँव में मुखबिर की खास सूचना पर आबकारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह के नेतृत्व मयहम फोर्स छापा मारा गया जिसमें भगवन्तनगर पावर हाउस के आगे ईट भट्टे के पास से अकवारा गाँव निवासिनी रामेश्वरी पत्नी परमेश्वर के पास से एक एक लीटर के दस पाउच व विनय पुत्र परमेश्वर के पास से एक एक लीटर के चालीस पाउच कुल 50 लीटर अवैध कच्ची शराब व मौके पर एक मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार करते हुए थाना बिहार में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया गया।

# गड्ढों में तब्दील हुआ मार्ग, राहगीरों का चलना मुश्किल

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। पुरानी पक्की सड़कों की मरम्मत न होने के कारण सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं उनमें पानी व कीचड़ भरा हुआ है साइकिल मोटरसाइकिल व अन्य वाहनों को आने-जाने में भारी समस्या पैदा हो रही है तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के बगल से भैरमपुर दैता होते हुए मलौना जाने वाली सड़क में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण में डंपर द्वारा मिट्टी धुलाई होने के कारण खराब पड़ी हुई है डामरीकरण सड़क कच्ची सड़क में तब्दील हो गई है सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं साइकिल मोटरसाइकिल चलना तो दूर बरसात में लोग पैदल भी नहीं निकल पा रहे हैं पाटन से धमनी खेड़ा होते हुए परसंडा मलौना जाने वाले मार्ग में धमनी खेड़ा के पास रोड पर बहुत बड़े गड्ढे हैं सड़क में घरों का व बरसात का पानी कीचड़ भरने से लोगों को आने-जाने में समस्या आ रही है इस मार्ग पर तहसील मुख्यालय आने के लिए दर्जनों गांव के लोग प्रतिदिन हजारों की संख्या में गुजर रहे हैं यह मार्ग कई साल से खराब पड़े हुए हैं ग्राम प्रधान सहित जनप्रतिनिधियों के द्वारा रोड में भरे पानी की निकासी की व्यवस्था कर दी जाए तो लोगों को कुछ राहत मिल सकती है।



# नव अंशिका फाउण्डेशन गोल्डनगाला अवार्ड 2024 से सम्मानित हुए सब इंस्पेक्टर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नव अंशिका फाउंडेशन का पांचवां स्थापना दिवस समारोह बुधवार 11 सितम्बर को गोमती नगर के होटल डी' कॉर्बिज में आयोजित हुआ। बिग बॉस और एमटीवी रोडीज विजेता आशुतोष कौशिक सहित मशहूर मॉडल जहरा हामिद सिद्दीकी भी शिरकत करने पहुंचे। सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली हस्तियों को अलंकृत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और संगीत के माध्यम से संस्कृति संरक्षण का भी संदेश दिया गया। उन्नाव पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व को पर्यावरण संरक्षण और गरीब बच्चों की शिक्षा में मदद करने के लिए नव अंशिका फाउंडेशन की ओर से मिला गोल्डन गाला अवार्ड । देश भर से आई 9 विभूतियों को यह अवार्ड प्रदान किया गया। सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व को यह सम्मान उत्तरप्रदेश के विभिन्न जनपदों में चलाई गई पर्यावरण संरक्षण की मुहिम के साथ ही सामाजिक कार्यों में तत्परता और शिक्षा के प्रति सृजनात्मकता लाने हेतु दिया गया। इस अवसर पर मशहूर मॉडल्स के साथ आशीष कश्यप, दबीर सिद्दीकी, के.के. पाठक, विश्व संस्कृति एवम्पर्यावरण संरक्षण आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवम प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिला एवम मांडलिक महामंत्री डॉक्टर प्रदीप वर्मा उपस्थित रहे। कलम शक्ति सम्मान देते हुए 51 पत्रकारों का सम्मान भी किया गया। सीनियर सब इंस्पेक्टर को मिले इस पुरस्कार पर अनूप के विभागीय साथियों के साथ ही उनके साथ जुड़कर ग्रीन एंड क्लीन उन्नाव के अंतर्गत जुड़े शिक्षक परिवार ने भी शुभकामनाएं और बधाई दी ।नव अंशिका फाउंडेशन की अध्यक्षा नीशू त्यागी ने बताया कि बीते पांच वर्षों में उनकी फाउंडेशन लखनऊ ही नहीं प्रदेश स्तर पर लगातार सक्रिय है। महिलाओं और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित नव अंशिका फाउण्डेशन हर साल आठ मार्च को ही नहीं बल्कि पूरे मार्च महीने को महिला माह के रूप में मनाती हैं ।इसमें हर सप्ताह एक आयोजन महिलाओं को समर्पित खास थीम पर आयोजित किया जाता है। इसके साथ ही फाउण्डेशन, शक्तिस्वरूपा सम्मान देकर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अमूल्य योगदान देने वाली प्रेरक महिलाओं का अलंकरण भी कर रही है ।अनूप ने कहा कि प्रदीप वर्मा के साथ मिलकर उन्नाव के कर्मठ शिक्षक अपने जनपद को हरा भरा एवम साफ सुथरा बनाने के लिए बच्चों की ग्रीन ब्रिगेड आर्मी बनाकर मिशन ग्रीन क्लीन उन्नाव को सफलता की ओर ले जाने हेतु प्रयासरत हैं। हम सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखरेखा करके बड़ा करना चाहिए।

# राधा रानी के नाम जाप करने से मिल जाती हैं सांसारिक बंधनों से मुक्ति

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर में महिला मंडल में चल रहे गणेश महोत्सव के कल पांचवें दिन कानपुर से पधारे कथा व्यास पंडित प्रदीप बाजपेई ने राधा रानी के चरित्र पर विस्तृत प्रकाश डाला । ब्रज की अधिष्ठात्री बरसाने की राधा रानी साक्षात लक्ष्मी स्वरुपा है । लोगों में ऐसी भावना रहती है कि राधा राधा नाम जपते ही योगीराज श्री कृष्ण के दर्शन प्राप्त हो जाते हैं ।कल राधा अष्टमी के पावन पर्व पर मोहल्ला टेढ़ी बाजार स्थित महिला मण्डल में चल रहे गणेश महोत्सव पंडाल में राधा रानी के प्राकट्य के प्रसंग को सुनाते हुए उन्होंने कहा कि राधा नाम के जपने मात्र से ही मनुष्य कृष्ण भक्ति स्वतः प्राप्त हो जाती हैं। समूचे ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री होने के नाते उनकी कृपा के बगैर कोई काम नहीं होता। ब्रजवासी राधे राधे नाम जपते हुए दिन की सुबह से लेकर रात्रि विश्राम तक उन्ही का गुणगान करते हुए अपने जीवन को धन्य बना देते है। साक्षात भगवती की कृपा पाने के लिए देश भर हजारों श्रद्धालु भक्त रोजाना वृंदावन से लेकर ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा करने को आते रहते हैं। इस प्रसंग को सुनने के लिए सैकड़ो श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ पड़ी जिसमे महिलाओं की तादाद सर्वाधिक रही। समिति की ओर से कथा सुनने आए भक्तो को प्रसाद वितरित किया गया ।समिति के सदस्यों ने बताया 13 सितम्बर को भगवान गणेश जी की विशाल शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान करेगी ।जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई कल्याणी नदी के पावन तट पर सांयकाल 5:00 बजे विसर्जन किया जाएगा। इसी के साथ ही 31 वे गणेश महोत्सव का समापन हो जाएगा ।

# गाजे बाजे के साथ यात्रा निकाल कर गणेश प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सात सितंबर को शुरू हुआ गणेश महोत्सव अब अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है। इस उत्सव के अंतिम दिन नगर में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का कार्यक्रम धूमधाम से चल रहा है। गुरुवार को नगर के विभिन्न हिस्सों में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया, जिसमें भक्तगण श्रद्धा और उत्साह के साथ शामिल हुए ।गंगाघाट पर राजा श्री गणेश महोत्सव के अवसर पर बाबा की आरती की गई। जहां भक्तों ने मिलकर गाजे-बाजे के साथ विसर्जन समारोह को भव्य रूप से मनाया। इस अवसर पर भक्ति गीतों की गूंज के बीच, युवा और वृद्ध सभी ने एक साथ मिलकर गणपति बप्पा के जयकारे लगाए और उनके प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की ।चंपापुरवा में भी गणेश महोत्सव की धूम मची रही। यहां पर गजानन सरकार की महाआरती का आयोजन बड़े श्रद्धा भाव के साथ किया गया। चंपापुरवा के स्थानीय निवासियों ने पूरे उत्साह और धार्मिक भावनाओं के साथ आरती की और बप्पा के विसर्जन के मौके पर हर कोई भक्ति में लीन नजर आया ।फत्तेखेड़ा झील पर गणेश महोत्सव की सबसे अधिक भीड़ देखी गई। सुबह से लेकर देर शाम तक, नगर, उन्नाव और कानपुर के लोग झील पर आते रहेंगे। वे गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते हुए मूर्तियों का विसर्जन कर रहे थे। झील के किनारे पर भक्तगण भक्ति गीतों पर थिरकते हुए गणेश जी को विदाई दे रहे थे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया ।गायत्री नगर श्री गणेश नव युवक सेवा समिति द्वारा गणेश महोत्सव में विशेष आयोजन किया गया। यहां गणपति बप्पा को महाभोग अर्पित किया गया और उनकी आरती भी की गई। इस अवसर पर स्थानीय लोग। विशेष रूप से दिलीप शुक्ला भोला, बसंत मिश्रा, राजन मिश्रा, प्रेम चंद्र कश्यप, शिब्बू तिवारी, पप्पू तिवारी और पूर्व सैनिक विजय तिवारी भी मौजूद रहे। इन सभी ने मिलकर बप्पा को विदाई देने के लिए विशेष व्यवस्था की और उत्सव को भव्य बनाने में अपना योगदान दिया।

# चोरी कर रहे दो चोरों को पुलिस ने गस्त के दौरान किया गिरफ्तार

पुरवा, उन्नाव। बीती रात गस्त के दौरान चोरी कर रहे दो युवकों को कोतवाली पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया जब वह मोबाइल की दुकान के शटर का एक ताला तोड़कर दूसरा तोड़ रहा था आवश्यक लिखा पड़ी के बाद कोतवाली पुलिस ने युवको को न्यायालय में पेश कियाबीती रात कोतवाली के दरोगा सियाराम चौरसिया सिपाही आशीष तिवारी राजेंद्र और हर्षित के साथ देर रात्रि एक बजे गस्त कर रहे थे कस्बे के मिर्री चौराहा पर राहुल मोबाइल शॉप की दुकान के पास से खटपट की आवाज सुनकर पुलिस बल चुपके से मौके पर पहुंच गया और दो युवकों को औजार सहित उस वक़्त पकड़ लिया जब वह शटर का एक ताला तोड़कर कर दूसरा ताला तोड़ रहा था । पकड़े गए युवक ने अपना नाम अमित पुत्र बाबूलाल निवासी भूपतपुर थाना पुरवा दूसरे युवक ने अपना नाम सचिन पुत्र राम आसरे निवासी भूपतिपुर थाना पुरवा बताया । आवश्यक लिखा पड़ी के बाद कोतवाली पुलिस ने युवकों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया ।

## सम्पादकीय

# मणिपुर में शांति बहाली का त्वरित प्रयास हो

मणिपुर को राज्य के हालात के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता है। मुख्यमंत्री सचिवालय और राजभवन के बाहर छात्रों का आक्रामक प्रदर्शन छोटी घटना नहीं है। राज्यपाल के घर पर पथराव किया गया। राज्यों में ऐसी घटना न के बराबर होती है। हाल में हुए ड्रोन और मिसाइल हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर स्कूल-कॉलेज के हजारों छात्र सोमवार को इंफाल में सड़क पर उतर आए। प्रदर्शनकारी छात्र राज्य की 'क्षेत्रीय और प्रशासनिक अखंडता' की रक्षा करने की भी मांग कर रहे हैं। दरअसल, ड्रोन से विस्फोटक गिराए जाने और मिसाइल दागे जाने सहित अन्य हिंसक घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गई और 12 से अधिक लोग घायल हो गए। इसी के विरोध में छात्र उग्र हैं व जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। बाद में प्रदर्शनकारी छात्रों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और राज्यपाल एल आचार्य से जरूर मुलाकात की है, लेकिन इस दौरान छह मांगे रखी हैं। मुख्यमंत्री ने स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की है, पर हालात बेकाबू जैसे ही हैं। छात्रों ने एकीकृत कमान का नेतृत्व केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के पूर्व महानिदेशक कुलदीप सिंह से लेकर मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के हाथों में सौंपने का आह्वान भी किया है। एकीकृत कमान राज्य में सुरक्षा अभियानों की देखरेख करती है और इसमें विभिन्न सुरक्षा एजेंसियां शामिल हैं। मणिपुर पिछले डेढ़ वर्ष से हिंसा की चपेट में है। मणिपुर हाईकोर्ट ने 27 मार्च 2023 को एक आदेश में राज्य सरकार से मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने की बात पर जल्दी विचार करने को कहा था। इस आदेश के कुछ दिन बाद ही राज्य में जातीय हिंसा भड़क गई थी, जिसमें 200 से ज्यादा लोगों की जान चली गई। इस हिंसा की वजह से हज़ारों लोगों को बेघर भी होना पड़ा और सार्वजनिक संपत्ति का भी नुक़सान हुआ। राज्य के मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग को इस हिंसा की मुख्य वजह माना जाता है। इसका विरोध मणिपुर के पहाड़ी इलाक़ों में रहने वाले कुकी जनजाति के लोग कर रहे हैं। बाद में फ़रवरी 2024 में मणिपुर हाईकोर्ट ने अपने पिछले आदेश से उस अंश को हटा दिया था, जिसमें मैतेई समुदाय के लिए एसटी का दर्जा देने की सिफ़ारिश का ज़िक्र था। हिंसा से प्रभावित मैतेई और कुकी समुदाय के लोग अब भी बड़ी संख्या में राहत शिविरों में रह रहे हैं। हिंसा से प्रभावित कुछ लोगों को भागकर पड़ोसी राज्य मिज़ोरम में शरण लेनी पड़ी। पिछले साल ही गृहमंत्री अमित शाह ने मणिपुर का दौरा किया था, इस दौरान शांति कायम करने के प्रयास किए गए थे। चार दिन शांति रही थी, पर शाह के नई दिल्ली आते ही हिंसा भड़क गई थी। मणिपुर में मैतेई व कुकी समुदायों के बीच जारी तनाव व हिंसा की समाप्ति के लिए सार्थक वार्ता की जरूरत है। केवल सुरक्षा बलों के हवाले कर देने से बात नहीं बनेगी। सुरक्षा बल दायरे में ही आपना काम करते हैं, वे शांति बहाली का प्रयास कानूनी तौर तरीके से करते हैं, लेकिन मणिपुर के दोनों मुख्य समुदाय मैतेई व कुकी के बीच मनभेद ने जगह ले ली है, इसे दूर करने की जरूरत है, यह सौहार्द के प्रयास से होगा। इसके लिए केंद्र सरकर को गंभीरता से प्रयास करना होगा। मौजूदा एन बीरेन सिंह सरकार राज्य में शांति की स्थापना में सफल नहीं रही है। केंद्र सरकार ने सुरक्षा बलों की तैनाती कर स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश जरूर की है, लेकिन आवश्यकता इससे अधिक की है।



दिवस विशेष
आर.के. सिन्हा


# खुदकुशी की घटनाओं को रोकना होगा

पिछले साल 6 दिसंबर को लोकसभा में बताया गया था कि देश में 2019 से 2021 के बीच 35,000 से ज्यादा छात्रों ने आत्महत्या की। इसमें कोई शक नहीं है किसी भी हालत में किसी खास परीक्षा में सफल होने के लिए माता-पिता, अध्यापकों का भारी दबाव छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर घातक प्रभाव डाल रहा है। राजस्थान का एक शहर है कोटा। यहां पर हर साल एक अनुमान के मुताबिक लाखों छात्र-छात्राएं देश के शीर्ष कॉलेजों में से एक में प्रवेश पाने की उम्मीद में कोटा पहुंचते हैं। इनके जीवन का एक ही लक्ष्य होता है कि किसी तरह से आईआईटी या मेडिकल की प्रवेश परीक्षा को क्रैक कर लिया जाए। वहां मनोवैज्ञानिक रूप से बहुत कष्ट की स्थिति में हैं।

बीते सालों की तरह इस बार भी सारे देश ने 5 सितंबर को गर्मजोशी से अध्यापक दिवस मनाया। सोशल मीडिया पर तो अध्यापकों का उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए विशेष रूप से आभार व्यक्त किया जा रहा था, पर अब सुधी अध्यापकों, मनोचिकित्सकों और अन्य जागरूक नागरिकों को यह भी सोचना होगा कि नौजवानों का एक बड़ा वर्ग निराशा और नाकामयाबी की स्थिति में अपनी जीवनलीला खत्म करने पर क्यों आमादा है। अब शायद ही कोई दिन ऐसा गुजरता हो जब अखबारों में किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवा के खुदकुशी करने संबंधी दिल दहलाने वाला समाचार न छपता हो। यह बेहद गंभीर मसला है और इस पर सारे देश को सोचना होगा। इसी तरह से आजकल बिजनेस में घाटा होने के कारण भी आत्महत्या करने वालों की तादाद लगातार बढ़ती ही जा रही है। अभी कुछ दिन पहले एक साइकिल बनाने वाली मशहूर कंपनी के अरबपति मालिक ने भी खुदकुशी कर ली थी।

पिछले साल 6 दिसंबर को लोकसभा में बताया गया था कि देश में 2019 से 2021 के बीच 35,000 से ज़्यादा छात्रों ने आत्महत्या की। छात्रों के खुदकुशी करने के मामले 2019 में 10,335 से बढ़कर 2020 में 12,526 और 2021 में 13,089 हो गए। इसमें कोई शक नहीं है किसी भी हालत में किसी खास परीक्षा में सफल होने के लिए माता-पिता, अध्यापकों और समाज का भारी दबाव और अपेक्षाएं छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर घातक प्रभाव डाल रही हैं। राजस्थान का एक शहर है कोटा। यहां पर हर साल एक अनुमान के मुताबिक, हजारों नहीं लाखों छात्र-छात्राएं देश के शीर्ष कॉलेजों में से एक में प्रवेश पाने की उम्मीद में कोटा पहुंचते हैं। इनके जीवन का एक ही लक्ष्य होता है कि किसी तरह से आईआईटी/एनआईटी या मेडिकल की प्रवेश परीक्षा को क्रैक कर लिया जाए। आप कोटा या फिर देश के किसी भी अन्य शहर में चले जाइए जहां पर मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों के साथ-साथ सिविल सेवाओं वगैरह के लिए कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। वहां छात्र अत्यधिक दबाव और असफलता के डर से मनोवैज्ञानिक रूप से बहुत कष्ट की स्थिति में हैं।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं कि हमें खुदकुशी के बढ़ते मामलों पर सिर्फ चिंता ही व्यक्त नहीं करनी। हमें इसे रोकना ही होगा। हमने युवाओं, कारोबारियों और अन्य लोगों के आत्महत्या करने के कारणों और इस समस्या के हल तलाशने के लिए विश्व आत्महत्या निवारण दिवस( 10 सितंबर) को राजधानी दिल्ली में एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया है, जहां पर मनोचिकित्सक, पत्रकार और सोशल वर्कर अपने अनुभवों के आधार पर अपने पेपर पढ़ेंगे। उन निष्कर्षों के बाद हम आगे की रणनीति बनाएंगे। कुछ कोचिंग सेंटर चलाने वाले भी इस तरह के प्रयास तो कर रहे हैं ताकि छात्र बहुत दबाव में न रहें। राजधानी के एक कोचिंग सेंटर के प्रमुख ने बताया कि हम छात्रों की लगातार काउंसलिंग भी करते रहते हैं। उनके अभिभावकों के भी संपर्क में रहते हैं। कहा जाता है कि भारत में दुनियाभर में सबसे अधिक युवा आत्महत्या दर है। इस बीच, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी)



के अनुसार, 2020 में हर 42 मिनट में एक छात्र ने अपनी जान दे दी। यह आंकड़ा सच में डराता है।

देखिए, नौजवानों को बिल्कुल रिलेक्स माहौल देना होगा माता-पिता और उनके अध्यापकों को, ताकि वे बिना किसी दबाव में पढ़ें या जो भी करना चाहते हैं, करें। हरियाणा के सोनीपत में सेंट स्टीफंस कैंब्रिज स्कूल चलाने वाली दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी (डीबीएस) के अध्यक्ष और सोशल वर्कर ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि हम पूरी तरह से सुनिश्चित करते हैं कि हमारे स्कूल या सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चे बिना किसी दबाव में पढ़ें-लिखें। हम अपने अध्यापकों की भी क्लास लेते हैं कि किसी भी बच्चे के साथ कक्षा में उसकी जाति न पूछी जाए और या न ही उसके पिता की आय। कुछ गैर-जिम्मेदार अध्यापक अपने विद्यार्थियों से इस तरह के गैर-जरूरी सवाल पूछते हैं। फिर वे एक ही कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों की एक-दूसरे से तुलना भी करने लगते हैं। इस कारण वे जाने-अनजाने एक बच्चे को बहुत सारे बच्चों से कमजोर साबित कर देते हैं। जाहिर है, इस वजह से उस छात्र पर बहुत नकारात्मक असर पड़ता है जो कमतर साबित कर दिया गया होता है। इसी तरह के बच्चे कई बार निराशा और अवसाद में डूब जाते हैं। देखिए, बच्चे को पालना एक बीस वर्षीय प्लान है। कौन नहीं चाहता कि उसका बच्चा समाज में ऊंचा मुकाम हासिल करे, शोहरत-नाम कमाए, पर इन सबके लिए ज़रूरी है कि बच्चे को उसकी काबिलियत और पसंद के अनुसार मनचाहा करियर चुनने की आज़ादी भी दी जाए। यह एक कड़वा सच है कि हमारे समाज में सफलता का पैमाना अच्छी नौकरी, बड़ा घर और तमाम दूसरी सुख-सुविधाएं ही मानी जाती हैं। अफसोस कि हम भविष्य के चक्कर में अपने बच्चों को आत्महत्या जैसे कदम उठाने पर मजबूर करने लगे हैं।

ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि हम अपने यहां बच्चों को इस बात के लिए तैयार करते हैं कि वे कठिन परिस्थितियों का भी सामना करें। असफलता से हार मान लेने से जीवन नहीं चलता। यह तो कायरता है। महान कवि पद्मभूषण डॉ. गोपाल दास नीरज की पंक्तियां याद आ रही हैं, "छुप- छुप अश्रु बहाने वालों, जीवन व्यर्थ लुटाने वालों, इक सपने के मर जाने से, जीवन नहीं मरा करता है।" सफलता और असफलता का चक्र तो चला करता है। उसे स्वीकार करने में ही भला है । जैसा कि ऊपर जिक्र किया कि बीते दिनों एक अरबपति बिजनेसमैन ने राजधानी के अपने भव्य बंगले में गोली मारकर सुसाइड कर लिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। कहा जा रहा है कि बिजनेस में नुकसान होने के कारण ही साइकिल बनाने वाली कंपनी के मालिक ने आत्महत्या की। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों से पता चला है कि 2020 में, जब कोविड की लहर ने व्यापार को तबाह कर दिया था, तब 11,716 व्यापारियों ने आत्महत्या की थी, जो 2019 की तुलना में 29 प्रतिशत अधिक थी, जब 9,052 व्यापारियों ने अपनी जान ले ली थी।

कर्नाटक में 2020 में व्यवसायियों द्वारा आत्महत्या से सबसे अधिक मौतें (1,772) दर्ज की गईं जो 2019 से 103 प्रतिशत अधिक है, जब राज्य में 875 व्यवसायियों ने अपनी जान ले ली थी। महाराष्ट्र में 1,610 व्यवसायियों ने आत्महत्या की, जो पिछले वर्ष से 25 फीसदी अधिक है, और तमिलनाडु में 1,447 की मृत्यु हुई, जो 2019 से 36 प्रतिशत अधिक है। यह सबको पता है कि भारत के व्यवसायी समुदाय का बड़ा हिस्सा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों से जुड़ा है, जो बड़े झटकों को सहन नहीं कर पाता है। इसके चलते कई कारोबारियों ने कर्ज में डूबने या बिजनेस में नुकसान के कारण आत्महत्या कर ली। लब्बो लुआब यह है कि भारत में युवाओं और कारोबारियों के साथ-साथ अन्य लोगों के आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं को भी प्रभावी ढंग से रोकना ही होगा।

विशेष
गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर




# आत्महत्या के विचार आते हों तो क्या करें?

आत्महत्या की प्रवृत्ति, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा एक गंभीर विषय है। लोग अक्सर अवसाद या अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में बात नहीं करते हैं। जैसे लोग मधुमेह जैसी शारीरिक बीमारियों के बारे में खुलकर बात करते हैं, उसी तरह से मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर भी चर्चा करने में संकोच नहीं करना चाहिए। हमें लोगों को उनके मानसिक स्वास्थ्य के विषय में बात करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। हमें अपनी युवा पीढ़ी को यह भरोसा दिलाना होगा कि वे अकेले नहीं हैं। समाज में मानवीय मूल्य और मानवता की कोई कमी नहीं है और उनकी सहायता के लिए बहुत से लोग हैं। यह भरोसा सिर्फ़ युवाओं के लिए ही नहीं है; बल्कि दिन भर घर में काम करते हुए एकाकी जीवन जीने वाली गृहणियों सहित समाज के अन्य सभी वर्गों के लिए है। इसके अलावा, भले ही दूसरे लोग अपनी समस्याओं के विषय में बात न करें, फिर भी हम इस विषय में सतर्क रहकर बदलाव ला सकते हैं। जब आप किसी को उदास देखें, तो बस यूं ही उनके बगल से न गुजर जाएँ। रुकें और उनसे पूछें, "अरे, क्या बात है? क्या मैं आपकी मदद कर सकता हूँ?" लोगों से जुड़ना और उनकी सहायता करना बहुत जरूरी है। ऐसा करके हम कई लोगों के दिल और दिमाग को हल्का कर सकते हैं।

कुछ साल पहले 2014 में, हमने एक "हैप्पीनेस सर्वे" शुरू किया था। हमारे स्वयंसेवक घर-घर गए और उन्होंने लोगों से उनकी खुशी और उनकी समस्याओं के बारे में कुछ सवाल पूछे। जब हमारे स्वयंसेवक, दूसरे लोगों से यह प्रश्न पूछते थे, तो लोगों को बहुत राहत महसूस होती थी। एक महिला ने हैप्पीनेस सर्वे की प्रतिक्रिया में बताया कि पहली बार किसी ने उससे पूछा कि "क्या वह खुश है और क्या उसे किसी चीज़ की जरूरत है।" दरअसल बातचीत करने के पहले वह बहुत भावुक और दुखी महसूस कर रही थी। तो यह कुछ ऐसा है जिसके लिए पूरे समाज को तत्पर रहना चाहिए और एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए। हमने यह देखा है कि जब लोग इस तरह के अवसाद या आत्महत्या जैसे मनोभाव से गुजर रहे होते हैं, उस समय हमारे प्राणशक्ति के स्तर में वृद्धि बहुत सहायता करती है। जब लोग उदास महसूस करते हैं, तो उनकी प्राण ऊर्जा अक्सर समाप्त हो जाती है, जिससे उनमें अवसाद और आत्महत्या के विचार आ सकते हैं। ऐसी परिस्थितियों में व्यायाम का अभ्यास कुछ हद तक मदद कर सकता है लेकिन यह थकान भी पैदा कर सकता है। इसलिए जिन लोगों को व्यायाम करना कठिन या उबाऊ लगता है, उनके लिए योग और ध्यान, बिना थकाए प्राण स्तर को बढ़ाने में कारगर हैं। प्राणस्तर को बढ़ाने में संगीत भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जब हमारे भीतर प्राणशक्ति अधिक होती है, तब नकारात्मक विचार आने की संभावना कम हो जाती है। खुशी अक्सर विस्तार की भावना से जुड़ी होती है। जब हमारी प्रशंसा होती है, तो हमारे भीतर विस्तार की भावना होती है। इसके विपरीत, अपमान हमें संकुचित महसूस कराता है। योग विज्ञान के अनुसार, चेतना में विस्तार और संकुचन की इस अनुभूति को समझना महत्वपूर्ण है। संगीत, खुशमिजाज लोगों या बच्चों के साथ समय बिताना , नृत्य और ध्यान जैसी गतिविधियों में शामिल होना, ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने में मदद कर सकता है।

इसके अतिरिक्त, योग और ध्यान जैसी क्रियाएँ व्यक्ति की मानसिक स्थिति, ऊर्जा के स्तर और जीवन की समग्र गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार कर सकती हैं। ये अभ्यास कम ऊर्जा और अरुचि की भावनाओं को दूर करने में मदद करते हैं, जो हमें एक बेहतर और जीवंत जीवन की ओर अग्रसर करता है। जब भी किसी के मन में कोई नकारात्मक विचार आये या मन भारी लगे तो उन्हें चाहिए कि बाहर निकलें और ज़रूरतमंद लोगों से बात करें और उनसे पूछें कि "वे उन ज़रूरतमंद लोगों के लिए क्या कर सकते हैं।" केवल इस बात की सजगता कि वे यहाँ कई दूसरे लोगों की मदद करने के लिए आए हैं, उन्हें तुरंत सकारात्मक विचारों से भर देगी । इसलिए ऐसे लोगों को किसी न किसी सेवा परियोजना में भाग लेना चाहिए। फिर वे देखेंगे कि उनके पास ऐसे नकारात्मक विचारों के लिए समय ही नहीं है। तो सुबह उठें और दिन भर ज़रूरतमंद लोगों की सेवा में व्यस्त रहें ।

# विद्यार्थियों का जीवन बहुत खास



संकलित
दर्शन

आचार्य चाणक्य के अनुसार विद्यार्थियों का जीवन बहुत खास होता है। इस उम्र में किए गए प्रयासों से उज्ज्वल भविष्य का निर्माण किया जाता है। ऐसे में विद्यार्थियों को किसी भी कार्य के प्रति आलस नहीं करना चाहिए। इसकी वजह से इंसान धीरे-धीरे असफलता की ओर चला जाता है। जीवन में कभी भी अपने गुरु का अपमान नहीं करना चाहिए। गुरु विद्यार्थियों को ज्ञान और बुद्धि की ओर ले जाते हैं। यही नहीं जीवन को सही मार्ग दिखाने में गुरु की अहम भूमिका होती है। इसलिए हमेशा अपने गुरु का सम्मान करना चाहिए। चाणक्य के अनुसार विद्यार्थियों का जीवन हमेशा अनुशासित होना चाहिए। उन्हें नियमित रूप से सभी कार्यों को पूरा करते हुए, लक्ष्य की योजना का निर्माण करना चाहिए। जीवन में अनुशासन होने से न केवल सकारात्मक परिणाम मिलते हैं, बल्कि समाज में भी मान-सम्मान की प्राप्ति होती है। 'लालच बुरी बला' ये पंक्ति तो आप सभी ने सुनी होगी। इसका अर्थ है कि लालच एक बूरी बला है, जिससे हमेशा नुकसान होता है। लालच के मार्ग पर आने से छात्रों की मेहनत में कमी आने लगती है, जो सफलता में बाधा बनती हैं। आचार्य चाणक्य के अनुसार जीवन में कामयाबी हासिल करने के लिए हमेशा कठोर परिश्रम करना चाहिए, लालच का मार्ग आपको दूसरों से पीछे करता है। चाणक्य के अनुसार विद्यार्थियों को लक्ष्य पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। साथ ही उन्हें पूरा करने के लिए हमें निरंतर कोशिश करते रहना चाहिए।


# विपरीत परिस्थितियों का करें सामना



संकलित
प्रेरणा

बहुत पुरानी बात है। भगवान बुद्ध एक नगर में कुछ दिनों के प्रवास पर थे। उनके साथ कुछ शिष्य भी थे। जिस स्थान पर बुद्ध ठहरे हुए थे, वहां वे रोज प्रवचन देते थे। एक दिन उनके शिष्य प्रवचन सुनने के बाद भ्रमण के लिए नगर में गए। वहां लोगों ने उन्हें बहुत बुरा-भला कहा। उनकी बातें सुनकर शिष्यों को बुरा लगा और वे नगर भ्रमण को बीच में ही छोड़ कर आश्रम में लौट आए। महात्मा बुद्ध ने उन्हें यों गुस्से में देखा तो पूछा कि वे सब तो नगर भ्रमण के लिए गए थे। इतनी जल्दी कैसे वापिस आ गए और इतने क्रोध और तनाव में क्यों दिख रहे हैं? इस पर एक शिष्य ने बुद्ध से कहा, 'हमें इस स्थान से तुरंत चले जाना चाहिए। यहां के लोग बहुत बुरे हैं। हम अभी नगर भ्रमण के लिए गए थे। यहां के लोगों ने बिना किसी वजह के हमें बहुत बुरा-भला कहा। जहां हमारा सम्मान नहीं हो, वहां हमें एक पल के लिए भी नहीं ठहरना चाहिए। यहां के लोग शालीन नहीं हैं। वे सिर्फ दुर्व्यवहार करने के अलावा और कुछ नहीं जानते।' बुद्ध ने मुस्कुराते हुए कहा, 'हम यहां से दूसरी जगह चले जाएंगे लेकिन क्या तुम यह विश्वास के साथ कह सकते हो कि वहां हमारे साथ अच्छा व्यवहार होगा।' इस पर शिष्य ने कहा कि यहां से तो अच्छा ही व्यवहार होगा। शिष्य के जवाब को सुनकर बुद्ध ने कहा, 'किसी जगह को सिर्फ इसलिए छोड़ देना कि वहां के लोग बुरे हैं, वे हमारे साथ दुर्व्यवहार करते हैं, एक संत के लिए उचित नहीं है। जबकि संतों का तो काम ही यही है कि वे बुराई को दूर करें, न कि उससे डर कर भागें।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अमृत की बूंदें संभालना जरूरी

कुछ समय पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के पंचायत प्रधानों को खत लिखकर अनुरोध किया था कि वे सब आने वाले बरसात के मौसम में जल संग्रहण करें, यह प्रधानमंत्री की प्रशंसनीय सलाह थी। नदी और जल के प्राकृतिक संसाधनों के सरताज देश में आज भी बहुत से क्षेत्र पीने वाले साफ पानी और सिंचाई के लिए तरसते हैं। देश की कृषि का बहुत बड़ा हिस्सा सिंचाई के लिए बारिश पर निर्भर है। लेकिन जरूरी नहीं कि हर घर को नल से जल पहुंचाने के लिए नदियों का ही सहारा लिया जाए। हमारे देश में जल के प्राकृतिक स्रोत भी बहुत हैं और बरसात में बारिश भी खूब होती है। वर्षा के जल को संभालकर रखने से देश की प्यास बुझाई जा सकती है और सिंचाई भी की जा सकती है। गिरते भूजल स्तर को कुछ हद तक सुधारने के लिए बारिश के पानी को संभालना बहुत जरूरी है। *- चंचल कुमार साहू*

## ट्रेंड

### स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का स्वागत



लोकतंत्र में राज्यों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का हमेशा स्वागत है। हालांकि, अपनी बात रखने के लिए राज्यों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करना संविधान के मूल्य के खिलाफ है। एनईपी 2020 को विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया था। इसमें भारत के लोगों का सामूहिक ज्ञान है।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### सूडान को चाहिए मदद



हम सूडान के लोगों को विफल नहीं कर सकते। सूडान को अब क्या ाहिए। मानवीय पीड़ा को दूर करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समर्थन में वृद्धि, सभी जरूरतमंद सूडानी लोगों को सहायता पहुंचाने के लिए निर्बाध और सबसे बढ़कर, तत्काल युद्धविराम।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### विचारों की बहुलता है भारत



आरएसएस का मानना है कि भारत एक विचार है और हमारा मानना है कि भारत विचारों की बहुलता है। हमारा मानना है कि हर किसी को भाग लेने की अनुमति दी जानी चाहिए और उनकी जाति, धर्म की परवाह किए बिना जगह दी जानी चाहिए।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### उत्पादन बढ़ाते रहना होगा



परंपरागत रूप से, राष्ट्रीय सुरक्षा रक्षा क्षमता के बारे में है। आज, यह आर्थिक बुनियादी बातों के बारे में भी है। ऊर्जा और संसाधनों जैसे महत्वपूर्ण इनपुट के लिए आयात पर निर्भर रहना जोखिम भरा है। हमें उत्पादन बढ़ाते रहना होगा, कोई विकल्प नहीं है।

-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# किसानों को आधार की तरह अब विशिष्ट पहचान पत्र


कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी ने सोमवार को कहा कि कृषि क्षेत्र को डिजिटल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए सरकार जल्द ही देशभर के किसानों का पंजीकरण शुरू करेगी ताकि उन्हें आधार के समान एक विशिष्ट पहचान पत्र (आईडी) प्रदान की जा सके। ऑउटलुक एग्री-टेक समिट और स्वराज अवाड्र्स के मौके पर पीटीआई-भाषा से बात करते हुए चतुर्वेदी ने कहा कि पंजीकरण प्रक्रिया के लिए दिशानिर्देश जल्द ही जारी किए जाएंगे, जिसका कार्यान्वयन अक्टूबर के पहले सप्ताह में शुरू होगा। सचिव ने कहा, हमारा लक्ष्य अगले साल मार्च तक पांच करोड़ किसानों को पंजीकृत करना है।'



## ऑफ बीट

# मलेशिया में बच्चा न पैदा करने वाले दंपतियों की बढ़ती संख्या

शादी के बाद बच्चा न करने वाले लोगों की बढ़ती संख्या ने खासतौर से मलय समुदाय के बीच तीखी बहस शुरू कर दी है। यह मलेशिया के सार्वजनिक विमर्श पर गहरे धार्मिक प्रभाव को दर्शाता है। वर्ष 2024 के मध्य में मलेशिया की मलय भाषा के सोशल मीडिया मंचों पर ऐसी शादी की बढ़ती प्रवृत्ति पर गहन बहस चल रही थी, जिसमें दंपति जानबूझकर बच्चे पैदा नहीं करने का विकल्प चुनते हैं। इस विषय ने तब तूल पकड़ लिया जब दंपतियों ने संतान मुक्त जीवन जीने के बारे में कहानियां साझा कीं। देश के धार्मिक प्राधिकरणों और मंत्रियों ने भी इस बहस में हिस्सा लिया। धा



संक्षेप

## अमरोहा में हाइवे पर कार ने महिला को मारी टक्कर

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, अमरोहा में नेशनल हाइवे 9 पर कस्बा जोया के निकट कूड़ा डालकर घर लौट रही महिला को कार ने उड़ा दिया। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। जिसमें देखा जा सकता है कि हाइवे पार कर रही महिला को पहले कार टक्कर मारती है और उसके बाद महिला हवा में उछलते हुए सड़क पर गिरती है। हादसे के बाद महिला को अस्पताल ले जाया गया। जहां से महिला को नाजुक हालत में रेफर किया गया। महिला का मुरादाबाद के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उधर कार चालक मौके से भागने में कामयाब रहा। दरअसल डिडौली कोतवाली इलाके के गांव नारंगपुर में कूड़ा डालकर नेशनल हाइवे को पार कर घर को लौटती 35 वर्षीय महिला बती पत्नी जोगेंद्र को हाइवे पर दौड़ती एक अज्ञात कार ने उड़ा दिया। हादसे के बाद महिला कार की टक्कर लगने के बाद हवा में उछल गई और हाइवे पर गिरी। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। उधर इस हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद महिला को जोया सीएचसी ले जाया गया, जहां से महिला की हालत को नाजुक देख मुरादाबाद रेफर किया गया। अभी तक महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। अभी भी महिला का उपचार जारी है। उधर हादसे के बाद कार चालक कार को लेकर मौके से भाग निकला। उधर इस मामले में डिडौली थाना प्रभारी पंकज तोमर ने बताया कि महिला का मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसा करने वाली कार का पता लगाया जा रहा है

## हसनपुर में चोरी कर उतारा जा रहा था सरिया

अमन लेखनी समाचार

हसनपुर, अमरोहा में एक लोहे की दुकान पर चोरी से ट्रक से लोहा उतारते हुए कंपनी कर्मचारियों ने ट्रक चालक को रंगे हाथों पकड़ लिया। हालांकि, चालक ट्रक को छोड़कर मौके से फरार हो गया। इस घटना के बाद समझौते के प्रयास किए जा रहे हैं। सुबह रहरा थाना क्षेत्र में एक लोहे की दुकान पर अचानक अफरा-तफरी मच गई। बिजनौर के चांदपुर कस्बे में स्थित असीम लोहे की कंपनी का एक ट्रक लोहे की सरिया भरकर बुलंदशहर के सिकंदराबाद जा रहा था। रास्ते में ट्रक रहरा की एक लोहे की दुकान पर रुका और चोरी-छिपे वहां पर सरिया उतारने लगा। कंपनी के कर्मचारियों को ट्रक चालक पर पहले से ही संदेह था, इसलिए वे उसका पीछा कर रहे थे। जैसे ही ट्रक ने सरिया उतारना शुरू किया, कंपनी के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। ट्रक चालक ने खुद को घिरा देख ट्रक को छोड़कर मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि यह ट्रक चालक पिछले कई दिनों से इसी दुकान पर सरिया उतारकर चोरी से कमाई कर रहा था।

# फखरपुर पुलिस ने किया साढ़े तीन लाख की चोरी का खुलासा

## विभिन्न घरों में चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। फखरपुर थाना क्षेत्र के पेट्रोल पम्प पर बीते 25 जुलाई को मो0 लुकमान पुत्र मो0 अशफाक निवासी बाजार पुरवा नौगोइयाँ थाना कैसरगज के अखना पुर फिलिंग स्टेशन थाना फखरपुर द्वारा सूचना दिया कि दो अज्ञात चोर द्वारा वादी के फिलिंग स्टेशन अखनापुर में कमरे में रखी आलमारी का ताला खोल कर साढे तीन लाख रूपया व कमरे के अन्दर रखे तीन अदद मोबाइल फोन चुरा ले जाने के सम्बन्ध में तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकत किया गया था। जिसका सफल अनावरण किया गया। इन्ही चोरो द्वारा सुरेन्द्र पुत्र हरख निवासी ग्राम प्रधान पुरवा भकला थाना फखरपुर द्वारा सूचना दिया कि अज्ञात चोरो द्वारा प्रार्थी के घर में घूस कर 16000 हजार रूपया नगद सोने चाँदी के आभूषण व दो मोबाइल उठा ले जाने तथा उसी रात गाँव के मेहन्द्र कुमार पुत्र ओकार नाथ के घर मे घूस कर चोरो द्वारा 1400 सौ रूपया नगद दो जोडी पायल चाँदी दो जोडी विछुवा चाँदी के व ममता देवी पत्नी जगदीश वर्मा के घर से 5000नगद और सोने के चाँदी के आभूषण व रमेश कुमार पुत्र राम आधार के घर से फूल के वर्तन व 5000 हजार रूपया नगद एक जोडी विछुवा चाँदी का एक जोडी बूंन्दा सोने का चुरा कर उठा ले जाने के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। एसओ अभिनव प्रताप सिंह ने बताया घटना को गंभीरता से लेते हुए लगातार अभियुक्तगण की गिरफ्तारी बरामदगी हेतु कई टीम का गठन किया गया पुलिस टीम द्वारा कड़ी मेहनत व अथक प्रयासोपरांत से अभियुक्त गण जसीम पुत्र सिराज अहमद उम्र 21 वर्ष निवासी अलहियापुर थाना कैसरगंज मागेलाल उर्फ परियाद पुत्र साबिर निवासी अलहियापुर थाना कैसरगंज को भकला चौराहे से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2550 रूपया नगद, 01 जोड़ी पायल सफेद घातु की, एक अदद रेडमी मोबाइल बरामद कर अभियुक्तगण के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार टीम में चौकी चौकी प्रभारी कुंडासर शैलेन्द्र शर्मा, उ0नि0 वीरेन्द्र मिश्रा, उ0नि0 मानिकराज यादव, दिवान विकास मिश्र, रमेश यादव, गौरव श्रीवास्तव व राहुल सिंह मौजूद रहे।

# रुपईडीहा में आयोजित हुआ भाजपा का सदस्यता अभियान कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर पंचायत रुपईडीहा नेहरू इंटर कॉलेज के प्रांगण में चैयरमेन डॉ उमाशंकर वैश्य के अथक प्रयासों से सदस्यता अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान कार्यक्रम में चेयरमैन ने बताया सरकार द्वारा 8800002024 नंबर जारी गया है। आप मिस्ड कॉल करके उसके माध्यम से भी भाजपा सदस्य बन सकते है। चेयरमैन ने कहा कि हर बूथ पर कम से कम इक्कीस सौ सदस्य बनें। इसके पहले भाजपा द्वारा देश में चौदह करोड़ सदस्य बने थे। इस बार पन्द्रह करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य है। अभियान के मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ आनंद गोंड रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन डॉक्टर उमाशंकर वैश्य ने की एवं चेयरमैन प्रतिनिधि डॉक्टर अश्वनी वैश्य ने आये हुए सभी अथितयों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। सांसद डॉ॰ आनंद गोंड ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे लोकप्रिय बड़ी राजनीतिक पार्टी है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान के अंतर्गत सांसद डॉ॰ आनंद कुमार गोंड नें पदाधिकारियों, कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अधिक से अधिक सदस्यता अभियान में लोगों को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ दें, सक्रिय सदस्यता के लिए कम से कम 100 सदस्य बने यह आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पहले कार्यकाल में सरकार ने 5 करोड़ आवास दिए थे इस कार्यकाल में तीन करोड़ आवास और बढ़ा दिए हैं। पहले की सरकारों में पन्द्रह पैसा से पच्चीस पैसा तक ही लोंगो तक पहुंचता था। अब सारी योजनाओं के पैसे जनधन खाते के माध्यम से लोगों तक पहुंचते हैं। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, कोटेदार, नरेंद्र बहादुर सिंह, मंडल अध्यक्ष अजय मिश्रा, मंडल अध्यक्ष नानपारा आशीष पांडे, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अनिल अग्रवाल , महामंत्री संजय वर्मा दिनेश अग्रवाल अग्रवाल, मनोज प्रजापति अंजनी मित्तल सहित भाजपा कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# 2.200 किग्रा चरस के साथ एक नेपाली महिला गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बहराइच रमन लाल उप कमांडेंट के निर्देशन में रूपईडिहा चेक पोस्ट पर नियमित चेकिंग और फ्रिस्किंग ड्यूटी व रूपईडीहा पुलिस के साथ संयुक्त चेकिंग के दौरान एक महिला जो नेपाल से भारत आ रही थी, चेकिंग के दौरान गुस्सा करने लगी तथा भागने लगी। गहन पूछताछ करने पर तथा चेक करने पर पाया कि महिला के पास 02 पैकेट में कुछ संदिग्ध मिला और महिला ने बताया की संदिग्ध पैकेट में चरस है जो नेपाल से लाई है। पकड़ी गयी महिला से नाम पता पूछने पर जिसने अपना नाम सीता घर्ती, उम्र 45 वर्ष, पत्नी वर्ण घर्ती पता प्रथा उत्तरगंगा वार्ड नं- 05, जिला-रूकुम (नेपाल)बताया। पकड़ी गई महिला की जामा व तलाशी राजपत्रित अधिकारी की उपस्थिति व निरीक्षक सामान्य सत्येन्द्र कुमार सिंह समवाय प्रभारी रुपईडिहा व अन्य एसएसबी कार्मिक तथा पुलिस के समक्ष ली गयी तो उनके पास से 2.200 किग्रा चरस बरामद हुआ। बरामद 2.200 किग्रा चरस व महिला को सर्वोच्च न्यायालय व मानव अधिकार के निदेर्शों का पालन करते हुए गिरफ्तार किया गया तथा सभी आवश्यक औपचारिकता विधिवत रूप से पूर्ण करने के उपरांत अग्रिम कार्यवाही हेतु थाना रूपईडीहा जनपद बहराइच को सुपुर्द किया गया।



# एक हजार एक लड्डुओं का गणपति बप्पा को लगाया गया भोग

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मोहल्ला कटरा में कोतवाली गेट के निकट श्रद्धालु भक्तों द्वारा आयोजित भगवान गणेश महोत्सव के छठे दिवस गुरुवार की शाम गणपति बप्पा मोरया के जयकारे से नगर गुंजायमान हो उठा। सैकड़ों महिला भक्तों ने गजानन महाराज को श्रद्धालुओं की ओर से भेंट किए गए 1001 लड्डुओं का भोग लगाया। नन्हे - मुन्ने बच्चों द्वारा राधा-कृष्ण के रूप में मोहक नृत्य भी किया गया। महोत्सव में आज नगर के दर्जनों नागरिकों द्वारा गणपति बप्पा के भोग के लिए लड्डू एकत्र करने की होड़ लगी रही। मात्र एक घंटे के अंदर भेंट किए गए लड्डुओं की संख्या 1001 को पार कर गई। अंततः महिला श्रद्धालुओं द्वारा भगवान गणेश को लड्डुओं का भोग अर्पित किया गया। इसी के साथ कीर्तन के द्वारा भगवान के गुणगान शुरू हो गए। कीर्तनों का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। बीच-बीच में श्रद्धालुओं का गगनभेदी जयकारा भी वातावरण में गूंजता रहा। मध्यांतर में बीडीएस स्कूल के राधा-कृष्ण का रूप धरे छात्र छात्राओं ने डांडिया नृत्य कर श्रोता भक्तों का मन मोह लिया। अंत में इस आध्यात्मिक कार्यक्रम के पुरोहित प्रवीण दीक्षित ने वेद मंत्रोच्चार के साथ यजमान प्रमोद द्विवेदी और संजीव शुक्ला से गणपति बप्पा का पूजन कराया। फिर श्रद्धालु भक्तों द्वारा भगवान गणेश चालीसा प्रस्तुत करने के बाद आरती और प्रसाद वितरण किया गया। महोत्सव में श्रीकांत अग्निहोत्री, सोनू कनौजिया, अमित अवस्थी, धर्मेंद्र सिंह, राजन श्रीवास्तव, राजू गुप्ता, मधुबाला सिंह, अनुपम दुबे, विजय प्रताप, आशीष शुक्ला, अनंत कुमार शुक्ला, संजय शुक्ला व बैजनाथ यादव आदि सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

## युवक ने निगला जहरीला पदार्थ हुई मौत

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के कल्याणी देवी मोहल्ले में रहने वाले 28 वर्षीय युवक उत्तम तिवारी ने जहरीला पदार्थ निगल लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, उत्तम तिवारी ने पत्नी शालनी द्विवेदी के साथ लंबे समय से चल रहे विवाद के चलते यह कदम उठाया। पुलिस के मुताबिक, उत्तम तिवारी और शालनी द्विवेदी के बीच पिछले चार महीनों से विवाद चल रहा था। इस विवाद के कारण शालनी अपने बच्चों के साथ अलग रह रही थी। उत्तम तिवारी पेशे से इलेक्ट्रिशियन था, जबकि उसकी पत्नी मंगतखेड़ा गांव की निवासी है। दोनों के बीच झगड़े का मुख्य कारण पत्नी के काम करने को लेकर मतभेद था ।मृतक के दो बच्चे हैं एक लड़का और एक लड़की। लड़के का नाम कान्हा है, जो अपने पिता के साथ रह रहा था। परिवार में झगड़ों और अनबन का असर बच्चों पर भी पड़ा था। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि उत्तम तिवारी ने पत्नी के साथ विवाद के बाद जहरीला पदार्थ निगला। पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# चोरों का कहर जारी दो घरों से नगदी समेत पार कर दिया लाखों के जेवरात

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बीती रात दो गांवों में चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया। जहां हजारों रुपए की नकदी समेत लाखों रुपए के जेवरात और पीतल के बर्तन पर हाथ साफ कर दिए हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी हुई है। लगातार थाना क्षेत्र में हो रही चोरियों को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है ।हसनगंज कोतवाली क्षेत्र भानपुर गांव निवासी राम जीवन रावत के घर के पीछे खड़े पेड़ के सहारे चोर छत पर चढे। बुधवार रात 12 बजे दो मंजिला घर से अज्ञात चोरों ने बक्सा और अलमारी का ताला तोड़कर 6 हजार की नकदी समेत एक लाख के जेवर पर हाथ साफ कर दिया ।इस घटना की ग्रामीणों को भनक लगते ही भाग रहे तीन चोरों का पीछा किया, लेकिन चोर अंधेरे का फायदा उठाकर मियागंज की तरफ भाग निकले। दूसरी तरफ चौर दयालपुर निवासी राम सिंह के घर से सोने के जेवरात सहित पीतल के बर्तन चोरी कर ले गए। पीड़ित अलग-अलग दोनों किसानों ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की ।कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि चोरी की जानकारी मिलने पर जांच के लिए दरोगा को भेजा गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है ।1 महीने के अंदर थाना क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक चोरियां हो चुकी हैं। लेकिन अभी तक पुलिस ने किसी भी चोरी का खुलासा नहीं किया है। जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। दिन-रात ग्रामीण रतजगा कर अपने घरों को बचा रहे हैं।

# सुल्तानपुर में 'खोज ऑफ टैलेंट' कार्यक्रम

- मेंहदी कम्पटीशन में महिलाओं को मिला 3 लाख ईनाम, 35 जिलों से पहुंचीं

अमन लेखनी समाचार




सुलतानपुर, बीती रात कादीपुर कस्बे में 'खोज ऑफ टैलेंट' संस्था के बैनर तले एक वृहद सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता दिखाने वाले व्यक्तियों को एक मंच प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक, विज्ञान, आयुर्वेद, और कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर हुई। इस समारोह में विशेष आकर्षण का केंद्र रही मेंहदी प्रतियोगिता, जिसमें 35 जिलों से महिलाओं ने भाग लिया। विजेताओं को तीन लाख रुपये के कैश पुरस्कार से सम्मानित किया गया। देवदूत वानर सेना के संरक्षक अजीत ने कार्यक्रम की विशेषताएं साझा की। उन्होंने बताया कि यहां आयोजित टैलेंट शो ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को मंच प्रदान किया। इस कार्यक्रम में बृजेश उपाध्याय, धर्मेंद्र सोनी, शरद श्रीवास्तव, और महेश शर्मा को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा, मेकअप प्रतियोगिता, डांस प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम भी हुए। अजीत ने कहा, छोटे कस्बों के लोगों को बड़े प्लेटफॉर्म पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका नहीं मिलता। ऐसे कार्यक्रमों से उनकी प्रतिभा को निखरने का अवसर मिलता है। मुख्य अतिथि हेमंत तिवारी ने भी कार्यक्रम की सराहना की। मान्यता प्राप्त पत्रकार संगठन के अध्यक्ष हेमंत तिवारी ने कहा, क्षेत्रीय स्तर पर ऐसी स्पधाओं से टैलेंट का विकास होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाएं आगे आकर अपने कौशल का प्रदर्शन कर सकती हैं। कार्यक्रम का संचालन श्याम चंद्र श्रीवास्तव ने किया। आयोजकों ने आए हुए अतिथियों और सम्मानित विभूतियों को बुके और सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# सुल्तानपुर में जंगली सियार ने लोगों का जीना किया दुश्वार

## कुड़वार में महिला समेत 2 जख्मी, मोतिगरपुर में मवेशी की मौत; वन विभाग हुआ अलर्ट

अमन लेखनी समाचार




सुलतानपुर, जिले के मोतिगरपुर और कुड़वार ब्लॉक क्षेत्र में जंगली सियार ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। अंधेरा होते ही जंगली सियार कही इंसान तो कही जानवरों पर हमला कर रहे हैं। जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। कुड़वार में महिला समेत दो लोग जहां हमले में घायल हुए हैं, वही मोतिगरपुर में एक मवेशी की मौत हुई है। वन विभाग की टीम पूरी तरह अलर्ट हो गई है। कुड़वार थाना क्षेत्र में दो लोगों को निशाना बनाया है। अझुई ग्राम पंचायत के पांडे का पूर्व में घर में भोजन बना रही महिला ज्योति पांडेय को सियार ने काट लिया। वही रहिपुरवा में भोला यादव के परिवार पर भी सियार का हमला हुआ है। लहूलुहान लोगों को देखकर ग्रामीणों ने दौड़ाकर हिंसक सियार की पीट पीट करके हत्या कर दी। कुड़वार थाना अध्यक्ष चंद्रभान वर्मा ने बताया कि अभी तक परिजनों की तरफ से नहीं कोई सूचना नहीं दी गई है। वही वन विभाग के अफसर प्रकरण से अनभिज्ञ हैं और हमले के पश्चात फोन उठाने से वन विभाग के अधिकारी बच रहे हैं। उधर मोतिगरपुर थानाक्षेत्र के खैरहा गांव की रहने वाली लालती देवी पत्नी स्व. शिवराम कनौजिया के घर देर रात वन्यजीव (सियार) ने हमला कर एक बकरी को अपना निवाला बना लिया। रात के अंधेरे में कुत्ते के भौंकने पर परिवार के लोग जब तक जागकर पहुंचते तब सियार ने बकरी को अपना शिकार बना लिया था। लोगों के शोर से वन्यजीव (सियार) खेतों के रास्ते जंगल में भाग गया। इस घटना की सूचना स्थानीय लोगो ने अपने गांव के ग्राम प्रधान को दी, मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान सुभाषचंद्र निषाद ने इस पूरे घटना की जानकारी वन विभाग को दी। जिस पर सोमवार को वन दारोगा जयसिंहपुर चंद्र प्रकाश, वन रक्षक मनोज गुप्ता व दैनिक वाचर नेबूलाल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर लोगों के बयान लिए और उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। वही ग्राम प्रधान सुभाषचंद्र निषाद ने बताया की पिछले तीन दिनों से गांव में लगातार वन्यजीव (सियार) दिखाई दे रहा है, गांव के लोग दहशत में हैं। रात में भी गांव के पूर्वी हिस्से में स्थित कन्हैयालाल निषाद के घर पर तीन वन्यजीव ने हमला कर दरवाजा तोड़ने की कोशिश की थी।

रात साढ़े 9 बजे की घटना है, घर वाले बरामदे में थे, बगल झोपड़ी के नीचे 10 माह की बकरी बंधी थी जिसे सियार ने अपना शिकार बना लिया।

# रामपुर में लूट फर्जी निकली

- बैंक से निकाले 60 हजार की लूट की सूचना निकली फर्जी, महिला समेत बेटे-बेटी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



रामपुर, रामपुर के सिविल लाइंस क्षेत्र में बैंक से निकाले गए 60 हजार रुपए की लूट की सूचना फर्जी निकली। पुलिस की जांच में महिला सरताज द्वारा दी गई लूट की खबर झूठी साबित हुई। सीसीटीवी फुटेज और लोगों से पूछताछ के बाद सारा मामला खुलकर सामने आया। पुलिस ने आरोपी महिला, उसके बेटे और बेटी को हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना बैंक ऑफ बड़ौदा की है, जो शाहबाद गेट चौराहे के किनारे स्थित है। थाना गंज क्षेत्र के घेर मर्दान खान की निवासी सरताज आज बैंक से 60 हजार रुपए निकालने आई थी। घर लौटते समय उसने पुलिस को सूचना दी कि उसके साथ लूटपाट हो गई है। महिला के अनुसार, अज्ञात लोगों ने उसके 60 हजार रुपए छीन लिए। सूचना मिलते ही सिविल लाइंस पुलिस फौरन मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सीओ सिटी जितेंद्र कुमार सरगम ने बताया कि उन्होंने खुद घटनास्थल पर पहुंचकर गहन जांच की।\ बैंक के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और आसपास के लोगों से पूछताछ की गई। जांच में पता चला कि लूट की घटना नहीं हुई थी। महिला ने खुद अपने पैसे अपनी बेटी और बेटे को दे दिए थे। सरताज पर कुछ कर्ज था और उसे लॉटरी के पैसे भी जमा करने थे। फर्जी लूट की सूचना देने पर महिला, उसकी बेटी और बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# अमरोहा बाजार में दौड़ाई थार, 6 लोगों को कुचला

### लोगों ने चालक को पकड़कर पुलिस को सौंपा, दो दिन पहले की घटना

अमन लेखनी समाचार



अमरोहा, अमरोहा में एक सिरफिरे युवक ने दबंगई दिखाते हुए बाजार में थार को दौड़ा दिया। इस दौरान थार कार से करीब आधा दर्जन लोग कुचले गए और आरोपी कार को लेकर भाग निकला। घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें साफ साफ देखा जा सकता है कि थार कार सवार कैसे लोगों को कुचलते हुए भाग रहा है। घटना दो दिन पुरानी बताई जा रही है। हालांकि वीडियो मंगलवार को सामने आया है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा जा चुका है। दरअसल, यह पूरा मामला गजरौला कोतवाली इलाके के गांव शहबाजपुर डोर का है। बताया जा रहा है कि नेशनल हाइवे किनारे बसे इस गांव में रविवार को साप्ताहिक बाजार लगा हुआ था। शाम करीब साढ़े सात बजे बाजार में गांव का ही ऋतिक पुत्र देवेंद्र अपनी थार कार को लेकर पहुंचा, उस वक्त बाजार में भीड़ भाड़ थी। आरोप है कि ऋतिक ने अपनी थार कार को बाजार में दौड़ा दिया। इस दौरान थार कार की चपेट में कई लोग आ गए। जहां थार से कुचलने की वजह से 6 लोग घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीणों द्वारा तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां घायलों का अभी भी इलाज चल रहा है।

# अमरोहा में तेंदुए ने गांव से कुत्ते को उठाया

- सीसीटीवी में मुंह में कुत्ता दबाए जाते हुए दिखाई दिया, गांव वालों में दशहत

अमन लेखनी समाचार



अमरोहा, अमरोहा में तेंदुए की दहशत बरकरार है। आलम ये है कि ग्रामीण दहशत में है। रात के साए में तेंदुए की आहट सुनाई दे रही है। ग्रामीण कमरों में छुप कर सो रहे हैं। अभी तक वन विभाग तेंदुए को पकड़ नहीं सका है। जबकि एक माह में छह से अधिक बार तेंदुआ कैमरे में कैद हो चुका है। अब फिर बीती रात तेंदुए ने नौगांवा सादात इलाके के गांव बांसखेड़ी में कुत्ते को निवाला बना लिया। ग्रामीण के घर के बाहर लगे सीसीटीवी में तेंदुआ कुत्ते को मुंह में दबाए हुए ले जाते दिखाई दिया। आपको बता दें कि अमरोहा जिले में पिछले कई महीनों से लगातार तेंदुए की आहट बरकरार है। तेंदुआ आए दिन अलग अलग स्थानों पर दिखाई दे रहा है। हाल ही तेंदुए के घूमते हुए जिले में कई वीडियो सामने आए है। लेकिन अभी तक तेंदुआ पकड़ में नहीं आ सका है। हालांकि वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरे भी लगाए है। लेकिन तेंदुए अभी तक वन विभाग के हत्थे नहीं चढ़ सका है। पांच दिन पहले तेंदुए ने मंडी धनौरा थाना इलाके के गांव कुआखेड़ा में किसान नूर मौहम्मद की बकरियों को निवाला बना लिया। ग्रामीणों ने वन विभाग को मामले की जानकारी दी। जिसके बाद वन विभाग की टीम गांव पहुंची और खेतों में जाकर काबिंग की। लेकिन तेंदुए का कहीं कोई सुराग नहीं लग सका। इसके साथ ही तेंदुआ जिले के नौगांवा सादात, रजबपुर, मंडी धनौरा, अमरोहा देहात और डिडौली थाना इलाके में भी दिखाई दिया है। कई वीडियो भी सामने आए है।

# संक्षेप

## अनूपशहर में तीन घरों और बैंक के बाहर से चोरी

अमन लेखनी समाचार

अनूपशहर, अनूपशहर में आए दिन चोरी के मामले सामने आ रहे हैं। इस बार चोरों ने कस्बे के तीन घरों में चोरी की वारदात को अंजाम देने के साथ ही बैंक के बाहर खड़ी बाइक पर हाथ साफ कर दिया। मोहल्ला आहार गेट निवासी रतिराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रात को वह घर के बाहर सो रहे थे। तभी देर रात घर में घुसकर अज्ञात चोरों ने मोबाइल, चांदी के जेवरात एवं मंगलसूत्र पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित को सुबह उठने पर पता चला कि अज्ञात चोरों ने पड़ोस के राजू एवं दुर्गा प्रसाद के यहां भी चोरी की है। चोर वहां से मोबाइल, 6 हजार की नगदी एवं सोने- चांदी के जेवरात लेकर रफ्फुचक्कर हो गए। पीड़ित ने अगले दिन कोतवाली में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जिला फिरोजाबाद निवासी एचडीएफसी बैंक अनूपशहर में कार्यरत बैंक कर्मी अंकित उपाध्याय की बैंक के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर चुरा कर ले गए। बैंक के बाहर बाइक न मिलने पर पीड़ित ने बैंक का सीसीटीवी चेक किया। जिसमें चोर बाइक को ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इस संबंध में कोतवाली अनूपशहर धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि चोरी की घटना के मामले संज्ञान में आए हैं। पीड़ितों द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## घोरावल के विसुंधरी गांव में पानी की किल्लत

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र, सोनभद्र जनपद के घोरावल तहसील क्षेत्र का विसुंधरी गांव अब भी पानी की भयंकर किल्लत से जूझ रहा है। भीषण गर्मी के बाद बारिश आई, लेकिन ग्रामीणों को राहत नहीं मिल पाई है। सरकारी हैंडपंप और समरसेबल पूरी तरह से जवाब दे चुके हैं। कई हैंडपंपों से तो दूषित पानी निकल रहा है, जिसे पीना ग्रामीणों के लिए खतरनाक हो गया है। नतीजतन उन्हें बस्ती से लगभग दो से ढाई किलोमीटर दूर, जंगल की ओर बह रहे नाले के पास स्थित समरसेबल से पानी लाना पड़ रहा है। यहां पुरुष, महिलाएं और बच्चे बारी-बारी से डिब्बा-बाल्टी लेकर साइकिल पर या सिर पर रखकर पानी लाने जाते हैं। गर्मी की मार झेलने के बाद, अब बारिश के बाद भी यही स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों को पानी की समस्या का सामना करते हुए, जंगल में जंगली सूअर, नील गाय और अन्य पशुओं का भी डर बना रहता है। विसुंधरी गांव की ऐतिहासिकता भी यहां की समस्याओं के साथ गुम हो गई है। अंग्रेजों के जमाने का डाक बंगला आज भी गांव की पहचान बना हुआ है। इस डाक बंगले में नेता, मंत्री, विधायक और जिलाधिकारी का आना-जाना रहता है, लेकिन गांव की मूलभूत समस्याओं की ओर किसी का ध्यान नहीं गया है। ग्रामीणों ने बिगड़े हुए हैंडपंप और समरसेबल को तत्काल ठीक करने की मांग की है और जिलाधिकारी से इस समस्या पर ध्यान देने की अपील की है।

# सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य से लेकर हर क्षेत्र में कर रही बेहतर कार्य - डा संजय

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य से लेकर हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। पीएम मोदी की प्रेरणा और सीएम योगी की सोच से अटल आवासीय विद्यालय की स्थापना की गई है। यहां पढ़ने वाले श्रमिकों के बच्चों का भविष्य संवार रहा है और वह बेहतर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। आने वाले दिनों में राष्ट्र निर्माण में भी अच्छा योगदान देंगे। यह बातें कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ने कही। वह गुरुवार को कस्बा के पिपरा स्थित अटल आवासीय विद्यालय में नए शिक्षण सत्र का शुभारंभ के दौरान बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। सहजनवां विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ के कार्यों की डंका पूरी दुनिया में बज रही है। यूपी में विकास का एक नजीर पेश किया है। उद्योग धंधे से लेकर शिक्षा स्वास्थ्य हर क्षेत्र में सरकार बेहतर कार्य कर रही है। पिपराइच विधायक महेंद्र सिंह ने कहा कि सीएम योगी ने जब से कार्यभार संभाला है, जनता खुशहाल जीवन की रही है। बहन बेटियां सुरक्षित है और व्यापारी निर्भीक होकर व्यापार कर रहे है। जरूरतमंदों तक योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजीत कुमार सिंह ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय में बेहतर पाटन पठन-पाठन चल रहा है और यहां के बच्चे अच्छे परिणाम देने के लिए उत्सुक दिख रहे है। विद्यालय के बच्चियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कैबिनेट मंत्री और अतिथियों ने 280 बच्चों में बैग और किताबों का वितरण किया। इस दौरान महापौर डॉक्टर मंगलेश श्रीवास्तव, डीएलसी शक्ति सेन मौर्या, एसडीएम दीपक गुप्ता, मनोज सिंह, गौरव गुप्ता, दीपक निषाद, दुर्गेश चौरसिया आदि मौजूद रहे।

## कुश्ती कोच और बेटे को पिटने के आरोप में 13 के खिलाफ दर्ज हुआ केस

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के खानीपुर इंटर कालेज में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता के कोच और इनके बेटे को 13 की संख्या में शरारती तत्वों ने मारपीट कर घायल कर दिया था। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से कृष्ण मुरारी सिंह पुत्र राम प्रसाद निवासी नगवा जो 9 सितंबर को खानीपुर इंटर कालेज में आयोजित कुश्ती में कोच का कार्य देख रहे थे। कुश्ती के दौरान एक दर्जन से अधिक संख्या में शरारती तत्व उपद्रव करने लगे थे। जिसका बेटे ने विरोध किया तो आरोपी एकजुट होकर बेटे को पिटने लगे थे। बीच बचाव के बाद मामला शांत हुआ। इसके बाद स्कूल के बाहर निकलने पर आरोपी पीड़ित और इनके बेटे को मारपीट कर घायल कर दिए। अर्वजान से मारने की धमकी दिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी संतोष यादव, संदीप यादव, छोटू सिंह, अंकित गोंड, भीम यादव, अजय यादव विकास प्रजापति, धूनी यादव, राहुल यादव, प्रिंस, मनीष निवासी बडगहन थाना गीडा, धीरू मौर्य, दीपक मौर्य निवासी नेवास थाना गीडा, के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# पीएम आवास योजना को लेकर उन्मुखीकरण गोष्ठी का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अन्तर्गत पाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत माधोपुर में ग्राम पंचायत अधिकारी विजय मौर्य की अध्यक्षता में प्रधानमन्त्री आवास योजना (ग्रामीण) की जानकारी से अवगत कराते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सर्वे 2024 उन्मुखीकरण गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के मानकों में बदलाव किए गए हैं। इसके अलावा इसकी अवधि भी बढ़ा दी गई है। पहले के 13 मानकों को घटाकर अब 10 कर दिया गया है। और वहीं वर्ष 2024 की अवधि को बढ़ाकर 2028-29 कर दी गई है। ग्राम पंचायत माधोपुर में नई गाइडलाइन के साथ दर्जनों लोगों ने आवेदन दिए। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि पीएम आवास योजना में पात्रों को लाभ मिलेगा, अपात्रों की जांच कराकर उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान ग्राम प्रधान रीना यादव, प्रभात श्रीवास्तव, सतीश सिंह, अमरजीत यादव, उमेश चौबे, मनोज श्रीवास्तव, जेजमन यादव, रामकवल यादव, सचिन यादव, विशंभर यादव, राजेंद्र यादव, कलिंदर यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

# रोजगार सेवक की कार्य प्रणाली से परेशान ग्राम प्रधान ने बीडीओ से लगाई न्याय की गुहार

### प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। पिपरौली ब्लाक के बेतउआ उर्फ चनऊ के ग्राम प्रधान और प्रधान संघ पिपरौली के अध्यक्ष उमेश निषाद ने मनरेगा में रोजगार सेवक द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार से परेशान होकर गुरुवार को बीडीओ को प्रार्थना पत्र देकर रोजगार सेवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।खण्ड विकास अधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में ग्राम प्रधान ने रोजगार सेवक के उपर आरोप लगाया है कि मनरेगा मजदूरों द्वारा किया जा रहे कार्यों की गलत फोटो अपलोड कर देने से कार्य शून्य हो जा रहा है, जबकि मजदूर कार्य करने के बाद मजदूरी को लेकर रोजाना ग्राम प्रधान से नोकझोंक कर रहे हैं। इसके संबंध में रोजगार सेवक से बात करने पर वह उल्टा सीधा जवाब दे रहे हैं।अगस्त महीने ने रोजगार सेवक हफ्ते भर के लिए बाबा धाम गए थे, लेकिन उनकी हाजिरी लगी हुई है।इतना ही नहीं, काम करने वाले दर्जनों मजदूरों का जाब कार्ड भी नही बना रहे हैं, मजदूरी के लिए दूसरे के खाते में पैसा भेजकर निकलवाने की भी शिकायत है। ग्राम प्रधान ने बीडीओ से आग्रह किया है कि रोजगार सेवक को हमारे ग्राम पंचायत से अलग कर दिया जाए, मनरेगा मेठ से कार्य करा लिया जाएगा।अथवा किसी दूसरे रोजगार सेवक को अटैच कर दिया जाए।

# दुकानदार को जालसाज ने चिट फंड कंपनी से अधिक व्याज दिलाने के नाम पर 1.08 लाख रुपया हड़पा

### कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया जालसाजी का केस

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के हरैया निवासी एक दुकानदार को जालसाज ने एक चिट फंड कंपनी में 1.08 लाख रुपया जमा कराने के नाम पर रुपया हड़प गया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने जालसाज के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से तारकेश्वर गुप्ता पुत्र वंशराज गुप्ता निवासी हरैया थाना गीडा जो दुकान चलाता है। एक व्यक्ति इसकी दुकान पर अक्सर आता जाता रहता था। उसने दुकानदार को झांसा दिया की लखनऊ में एक चिट कंपनी है। जिसमे एजेंट का काम करते है। वह बैंक से ज्यादा व्याज देती है।जालसाज के झांसे में आ गया। और चिट फंड कंपनी में खाता खुलाया। और 18 माह के लिए 6 हजार प्रति माह की दर से रुपया जमा कराया। जब समय पूरा हो गया तो उससे रुपया दिलाने का दबाव बनाया तो वह झांसा देता रहा। बड़हलगंज कार्यालय पर जानकारी ली तो बताया गया कि रसीद फर्जी है। पीड़ित ने कोर्ट का सहारा लिया आदेश पर पुलिस ने इसत्याक पुत्र मुंशी के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज कर जांच कर रही है।

## श्रीराम जी का विवाह संपन्नता का प्रतीक-आचार्य

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। विकास खंड मलवां के छोटी काशी शिवराजपुर के बम अखाड़ा हनुमान मन्दिर परिसर मे चल रही नौ दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा के छठवे दिवस व्यास पीठ पर विराजित पं यदुनाथ अवस्थी ने राम-जानकी विवाह का प्रसंग सुनाया।राम-जानकी प्रसंग सुन पूरा पांडाल खुशी से झूठ उठा।आचार्य यदुनाथ अवस्थी ने कहा कि राम जी का विवाह सम्पन्नता का प्रतीक हैं और शिव भगवान का विवाह सादगी का प्रतीक है।आचार्य यदुनाथ ने कहा भगवान श्रीराम चेतना के प्रतीक हैं और माता सीता प्रकृति शक्ति की प्रतीक हैं।ऐसे में चेतना और प्रकृति का मिलन होने से ये दिन काफी महत्वपूर्ण हो जाता है।विद्वान आचार्य पं.कुलदीप द्विवेदी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन सम्पन्न कराया जा रहा है।इस मौके पर आयोजन समिति के दीपक त्रिपाठी, नि.मंडल अध्यक्ष अरुण शुक्ला, युवा विकास समिति के प्रवक्ता आलोक गौड़, धनंजय द्विवेदी, भुल्लन दुबे, सुनील शुक्ला विवेक द्विवेदी, शालिग्राम दीक्षित अवधेश त्रिपाठी, वैभव गुप्ता, आलोक त्रिपाठी, बच्चन द्विवेदी आदि रहे।

# पुलिस संरक्षण में जीरो प्वाइंट कालेसर के आसपास धड़ल्ले बिक रहा गांजा

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र में मादक पदार्थों की बिक्री को लेकर प्रशासन सख्ती करता दिखाई देता है। वही कुछ मामले में पुलिस की भूमिका संदिग्ध लगती है। जिससे अवैध कार्य जोरों पर पकड़ लेता। और समाज में इसका बुरा असर दिखाई देने लगता है। गीडा पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध लगती है। जिससे मादक पदार्थो के बिक्री का धंधा क्षेत्र में खूब फलफूल रहा है। देखा जाय तो गीडा थाना क्षेत्र के औद्योगिक नगरी में कई जगहों पर मादक पदार्थों के कारोबारी पूरी तरह सक्रिय है। जिन्हे पुलिस का संरक्षण मिलता है। सूत्रों की माने तो इन कारोबारियों से पुलिस को मोटी रकम भी मिलती है। जीरो प्वाइंट कालेसर के आसपास कालेसर निवासी एक व्यक्ति है। जो भोर होते सुबह आठ तक गांजा की बिक्री करता है। जिसको पुलिस का संरक्षण भी प्राप्त है। उसके द्वारा खुलेआम बोला जाता है कि पुलिस को मोटी रकम भेजा जाता है। कुछ होना नही है। देखना है इस अवैध कारोबार करने वाले शख्स पर प्रशासन का शिकंजा कब कंसा जायेगा।इस संदर्भ में सीओ गीडा प्रशाली गंगवार ने कहा की मामला संज्ञान में आया है। जल्द कारवाई कराता हूं।

# मेरठ में कारगिल युद्ध के शहीद की पत्नी से लूट

- पूजा कर पेट्रोल पंप से लौट रही थीं, दो बदमाशों ने रोक कर 30 हजार लूटे

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ के देहात इलाके के परीक्षितगढ़ में हेलमेट लगाकर आए बाइक सवार दो बदमाशों ने कारगिल युद्ध में शहीद डबल सिंह बिष्ट की पत्नी रजी देवी से पर्स लूट ली। पर्स में तीस हजार रुपए थे। एक बार तो बदमाशों से वो भिड़ गई। बदमाश भाग लिए, लेकिन इसके बाद बदमाश कुछ दूरी से फिर वापस लौटे। हथियार के बल पर पर लूट की।लूट की वारदात करके भागते बदमाश सीसीटीवी में कैद हो गए। दरअसल, वीर नारी रजी देवी परीक्षितगढ़ की राधा गार्डन कॉलोनी में रहती हैं। घर से 500 मीटर की दूरी पर ही उनका पेट्रोल पंप है। वो हर रोज सुबह पेट्रोल पंप पर पूजा करने जाती हैं। भी वो पेट्रोल पंप पर पूजा करने जा रही थीं, तभी बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। उनसे 30 हजार रुपए से भरा पर्स लूटकर ले गए। एसपी देहात राकेश मिश्रा का कहना है कि सीसीटीवी से पुलिस को क्लू मिल गया है।

जल्द ही बदमाश गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

# शाहगंज में मुठभेड़ में दो पशु तस्कर गिरफ्तार

### पुलिस की गोली लगने से दोनों बदमाश घायल, तमंचा और बाइक बरामद

अमन लेखनी समाचार



शाहगंज, जौनपुर के खुटहन, सरपतहां और शाहगंज थानों की पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने उनके पास से तमंचा, कारतूस और मोटरसाइकिल बरामद की है। सीओ शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने बताया कि बीती रात खुटहन और सरपतहां की पुलिस टीम पटैला के पास चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान सरपतहां की तरफ से एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल आती दिखाई दी। जब पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की तो बाइक सवारों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी और भागने लगे। फायरिंग की सूचना तुरंत कंट्रोल रूम को दी गई, जिसके बाद खुटहन, शाहगंज और सरपतहां थानों की पुलिस टीमों ने मिलकर बदमाशों को पकड़ने की योजना बनाई। पुलिस की गाड़ियां बदमाशों का पीछा करती रहीं और सेवईनाला पुलिया के पास बदमाशों की बाइक पुलिस की गाड़ी से टकरा गई, जिससे वे गिर पड़े। बदमाशों की ओर से लगातार फायरिंग हो रही थी, जिसका जवाब देते हुए पुलिस ने भी फायर किया। इस दौरान दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी, जिससे वे घायल हो गए। घायल बदमाशों की पहचान बहरौली निवासी इरफान और बघरवारा निवासी आजाद के रूप में हुई है। पुलिस ने बदमाशों के पास से दो देसी तमंचे, कारतूस और एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद की है। घायल तस्करों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया और उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई जारी है। इस कार्रवाई में खुटहन थानाध्यक्ष दिव्यप्रकाश सिंह, सरपतहां थानाध्यक्ष अरविंद सिंह और शाहगंज थानाध्यक्ष रोहित कुमार मिश्रा समेत उपनिरीक्षक सकलदीप सिंह, विरेन्द्र कुमार गौतम, कांस्टेबल अजय यादव, शशांक त्रिवेदी, धर्मेंद्र सिंह, कुलदीप गोस्वामी, योगेंद्र प्रताप सिंह, धर्मेंद्र गिरी, गणेश यादव, रामदवन यादव, शशि चौहान, अमरनाथ यादव और अमन यादव शामिल थे। पशु तस्करी के खिलाफ जौनपुर की पुलिस की यह कार्रवाई एक महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है। तीन थानों की संयुक्त टीम की तत्परता से न केवल बदमाशों को गिरफ्तार किया गया, बल्कि उन्हें गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कानूनी प्रक्रिया भी तेजी से पूरी की जा रही है।

# अनूपशहर में अवैध अस्पतालों की मनमानी

- स्वास्थ्य विभाग का सील हटाकर चालू हुए अस्पताल, मुकदमा हुआ दर्ज

अमन लेखनी समाचार




अनूपशहर, अनूपशहर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अभियान चलाकर अवैध अस्पतालों को सील किया था। लेकिन स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई को ठेंगा दिखाते हुए दोनों अस्पताल संचालक सील हटाकर दोबारा अस्पताल संचालित कर मरीज को देख रहे है। हालांकि इसका एक वीडियो भी सामने आया है जिसकी दैनिक भास्कर पुष्टि नहीं करता है। वीडियो सामने आने के पश्चात डिप्टी सीएमओ एवं नोडल अधिकारी डॉ हरेंद्र बंसल के निर्देश पर सीएचसी प्रभारी अनूपशहर डॉ पीके मिश्रा ने कोतवाली में तहरीर देकर दोनों अस्पताल संचालको के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को तहरीर में सीएचसी प्रभारी डॉक्टर पीके मिश्रा ने बताया कि रविवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बाईपास स्थित दो अस्पताल उर्मिला कलीनिक व श्री हरी बाबा हॉस्पिटल को अस्पताल संचालित करने सम्बन्धित वैध दस्तावेज एंव ऐलोपैथिक चिकित्सक न होने के कारण सील किया गया था। लेकिन दूसरे ही दिन दोनों अस्पताल खुल गए और मरीजों का इलाज अवैध रूप से करते हुए पाए गए। दोनों ही अस्पतालों को जिलाधिकारी व सीएमओ बुलंदशहर के आदेश पर सील किया गया था। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी अनूपशहर धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि सीएचसी प्रभारी डॉ पीके मिश्रा द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर संबंधित अस्पताल संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# यू 90 ग्रीको रोमन स्टाइल कुश्ती में विशाल यादव प्रथम



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। जनपदीय खेलकूद समिति द्वारा आयोजित कुश्ती 2024 -25 प्रतियोगिता में महानगर गोरखपुर के इंटर कॉलेज के छात्रों ने प्रतिभा किया क्षेत्रीय क्रीड़ांगन में कुश्ती आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न वजनों के उभरते हुए पहलवानों ने एक दूसरे से जोर आजमाइश की यू 90 ग्रीको रोमन स्टाइल 60 किलो भार वर्ग में महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज का इंटर का छात्र विशाल यादव पुत्र रमेश यादव बारी टोला नौसढ ने अपने प्रतिवादी को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय एवं ग्राम का नाम रोशन किया।

# सीतापुर में दो घरों से एक रात में चोरी

- छत के रास्ते घर में पहुंचे, बक्से और अलमारी का ताला तोड़कर ले गए जेवरात

अमन लेखनी समाचार



सीतापुर, सीतापुर में चोरों ने एक ही रात में दो घरों को निशाना बनाया। चोरों ने दोनों घरों से नगदी, स्मार्ट मोबाइल, जेवर और अन्य सामान मिलाकर करीब तीन लाख रुपए का माल चुरा लिया। इस घटना से गांव में दहशत है तालगांव थाना क्षेत्र के गौरिया मजरा लश्करपुर गांव निवासी पीड़ित गृहस्वामी हरेश शुक्ला ने बताया कि वह पिछले दस दिनों से हमीरपुर में थे और उनके घर पर पत्नी वंदना, बेटी शगुन और दो बेटे कार्तिक व कवि थे। चोरी की वारदात की जानकारी उन्हें सुबह मिली। हरेश ने बताया कि चोर घर की छत के रास्ते अंदर दाखिल हुए और दीवान बेड को तोड़ दिया। इसके साथ ही एक संदूक और एक बक्सा भी चुराकर ले गए, जो बाद में गांव के बाहर अस्त-व्यस्त अवस्था में पाए गए। पीड़ित के अनुसार, चोरों ने तीस हजार की नगदी, डेढ़ लाख के जेवर, फूल के बर्तन, जरूरी कागजात और सैमसंग स्मार्टफोन समेत अन्य सामान चुराया। चोरी की कुल कीमत दो लाख से ऊपर की बताई जा रही है। चोरों ने बाहरी खिड़की भी तोड़ दी थी। चोरों ने पड़ोस के घर, सुरेश पुत्र जटा शंकर के घर में भी चोरी की। सुरेश के घर से पांच हजार की नगदी और कुछ जेवर चोरी हो गए हैं। कोतवाली प्रभारी को सूचित करने के बाद पुलिस ने दोनों घटनास्थलों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और सबूत जुटाने का कार्य शुरू किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति की हुई बैठक

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर ।जिलाधिकारी द्वारा सर्व प्रथम 20 अगस्त को विभागवार रोपित किये गये पौधों एंव आज की स्थिति के अनुसार जीवित पौध की समीक्षा की गयी है, जिसमें पाया गया कि तहसील, मौदहा, राठ एवं सरीला की सूचना पौध जीवितता की सूचना अप्राप्त थी। तद्रुपरान्त कराये गये वृक्षारोपण की जियोटैगिंग की की समीक्षा की गयीए जिसमें विद्युत विभाग, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, जल शक्ति, पर्यावरण विभाग, प्राविधिक शिक्षा, उच्च शिक्षा एवं रेशम विभाग की जियो टैगिंग शत्प्रतिशत नहीं पाई गयी। कृषि मण्डी समिति, मौदहा द्वारा अभी तक जियोटैगिंग का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया।



जिलाधिकारी द्वारा उक्त विभागों को निर्देश दिये गये कि 02 दिवस के अन्दर शत्प्रतिशत जियोटैगिंग पूर्ण करना सुनिश्चित करें।प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देश दिये गये कि जियोटैगिंग प्रगति की समीक्षा हेतु दिनांक 14.09.2024 को समीक्षा बैठक आयोजित करें।इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव , अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) सुरेश कुमार, उपजिलाधिकारी राठ विपिन शिवहरें, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी अरविन्द्र कुमार सिंह ,जिला पंचायत राज अधिकारी जितेन्द्र कुमार मिश्रा,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिन्दगी एक उलझी पहेली रही, भीड़ में वह अकेली रही

## अन्तर्राष्ट्रीय एथलीट पद्मश्री सुधा सिंह को अवध कीर्ति सम्मान से नवाजा गया

### अवध संस्कृति की सारी दुनिया में नाम – डा राम बहादुर मिसिर

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी अवधी साहित्य संस्थान अमेठी के वार्षिक समारोह की संगोष्ठी में कवि गोष्ठी, विमर्श, लोकार्पण एवं सम्मान समारोह की शुरूआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती , गोस्वामी तुलसीदास , मलिक मोहम्मद जायसी की प्रतिमा पर पूजा,अर्चना एवं माल्यार्पण से हुआ कवियों ने अपनी रसभरी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

संगोष्ठी के द्वितीय सत्र में अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान के अध्यक्ष डॉ अर्जुन ने कहा कि हिन्दी साहित्य के सम्वर्द्धन में अवधी की भूमिका अहम है।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए डॉ रामबहादुर मिसिर ने कहा कि अवधी देश-दुनिया में लगभग पन्द्रह करोड़



लोगों की भाषा बन चुकी है ।संगोष्ठी में डॉ.अर्जुन पाण्डेय की सद्यः प्रकाशित रचना 'माटी का चन्दन के साथ वार्षिक पत्रिका जल दर्पण का लोकार्पण अतिथियों एवं साहित्यकारों के द्वारा किया गया जिसमें विक्रम मणि त्रिपाठी नेपाल, पुरुषोत्तम तिवारी साहित्यार्थी भोपाल, इंजी.सुनील कुमार बाजपेई, डॉ रश्मि शील, लोकगायिका कुसुम वर्मा कल्चर दीदी, अरुण कुमार तिवारी बोले चिरैया, भूपेन्द्र दीक्षित,सुशील सीतापुरी,ज्ञानवती दीक्षित,कुमार तरल, डॉ ओंकार नाथ द्विवेदी,हरिनाम शुक्ल 'हरि', प्रेम कुमार त्रिपाठी 'प्रेम',अकबाल बहादुर राही,अनिल कुमार श्रीवास्तव 'लल्लू' आदि प्रमुख रहे। भीमी निवासी अन्तर्राष्ट्रीय एथलीट पद्मश्री सुधा सिंह को अवध कीर्ति अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया ।राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त डॉ रामबहादुर मिसिर का सारस्वत सम्मान अभिनन्दन पत्र देकर किया गया।

### इस मौके पर उपस्थित रहे

इस अवसर पर अंजनी अमोघ, अनीस देहाती,,चिंता मणि मिश्र, डॉ अभिमन्यु कुमार पाण्डेय,रामेश्वर सिंह निराश, ज्ञानेन्द्र पाण्डेय , जगदम्बा प्रसाद तिवारी 'मधुर',सब्बीर अहमद सूरी,राजेंद्र शुक्ल अमरेश, अर्चना ओजस्वी,चंन्द्र प्रकाश पाण्डेय, राजकुमारी साहु, आशुतोष गुप्ता,तेजभान सिंह, विवेक मिश्र, हिमांशु श्रीवास्तव, पं विजय कुमार मिश्र, सत्येन्द्र प्रकाश शुक्ल,संजय मिश्र,अनिभव मिश्र , अंजली तिवारी,कवि सुरेश शुक्ल नवीन की कविता पाठ किया कि जिन्दगी एक पहेली रही, भीड मे वह अकेली रही,को खूब वाह वाह मिली।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की बैठक



**अमन लेखनी समाचार/ उमेश दीक्षित**

हमीरपुर। अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक पर जिलाधिकारी राहुल पांडे ने कहा कि विभिन्न अभियोजन कार्यों/ केसों में शासकीय अधिवक्ताओं एवं अभियोजन अधिकारियों द्वारा सरकार का पक्ष मजबूती के साथ रखा जाए ,केसो में लचर रवैया ना अपनाया जाए ताकि कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले दोषी लोगों को जेल भेजा जा सके । कहा कि अभियोजन कार्यों में प्रभावी कार्यवाही किया जाए तथा जिसने अपराध किया है उसे दंड अवश्य मिलना चाहिए ताकि कानून व्यवस्था प्रभावी ढंग से सुनिश्चित कराई जा सके।उन्होंने कहा कि गवाहों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए।

इस मौके पर उन्होंने गैंगस्टर एक्ट, पॉक्सो एक्ट सहित अन्य से संबंधित केसों की समीक्षा करते हुए उसके संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विजय शंकर तिवारी, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, सुरेश कुमार, उपजिलाधिकारी, अभियोजन विभाग के अधिकारी, शासकीय अधिवक्ता गण तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# राजेश अग्रहरी बनाए गए रामलीला समिति के अध्यक्ष

## हनुमानगढ़ी मंदिर पर आयोजित बैठक में लिया गया निर्णय

### पवन अग्रवाल उम्र के बढ़ते प्रभाव के कारण दिया इस्तीफा

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी में पिछले पांच दशक से चली आ रही ऐतिहासिक रामलीला समिति में अब एक बड़ा बदलाव हुआ है। बुधवार की देर शाम हनुमानगढ़ी मंदिर में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष और उद्योगपति राजेश अग्रहरी को रामलीला समिति का नया अध्यक्ष चुना गया। पिछले पचास वर्षों से पवन अग्रवाल इस पद पर थे। लेकिन उम्र के बढ़ते प्रभाव के कारण उन्होंने अब पद से इस्तीफा दे दिया है।

दशहरे के दूसरे दिन अमेठी में ऐतिहासिक भारत मिलाप का भव्य आयोजन किया जाता है। जिसकी शुरूआत 1974 में हुई थी। इस आयोजन की बागडोर पहले पवन कुमार के हाथों में थी। जिन्होंने अपनी सेवाओं से समिति को नई ऊंचाइयों पर



पहुंचाया। हालांकि, अब उन्हें उम्र के कारण पद से विराम दिया गया है अमेठी कस्बे के हनुमानगढ़ी मंदिर पर हुई बैठक में समिति के सभी प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए। इस बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी को सर्वसम्मति से रामलीला संचालन समिति का नया अध्यक्ष चुना गया। राजेश अग्रहरी अमेठी के जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी भी हैं ।इस दौरान बैठक में सचिव जय प्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मदन चंद्र अग्रवाल, मुन्नू चंद्र अग्रवाल, आनंद बरनवाल, रमाकांत बरनवाल, नितिन अग्रवाल और अनिल पाल समेत कई अन्य पदाधिकारी भी शामिल हुए। इस परिवर्तन के साथ ही रामलीला समिति को नई दिशा और ऊर्जा मिलना तय है। जो आगामी वर्षों में अमेठी के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों को और भी समृद्ध बनाएगी।

# थाना चौराहा में लगा जर्जर पोल दे रहा हादसे को दावत

### शिकायत के बाद नहीं हुआ समाधान

**अमन लेखनी समाचार**

भरुआ, सुमेरपुर।कस्बे के थाना चौराहा में लगा हाई टेंशन लाइन का जर्जर लोहे का पोल किसी भी वक्त बड़े हादसे का कारण बन सकता है। शिकायत के बाद विद्युत विभाग पोल बदलने की जहमत नहीं उठा रहा है। कस्बे के थाना चौराहा में इंडियन बैंक की गली के मोड पर हाई टेंशन लाइन का लोहे का पोल लगा हुआ है।यह नीचे से पूरी तरह से जर्जर हो गया है। यहां के दुकानदार उमाशंकर गुप्ता, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, अजीत शुक्ला, घनश्याम, जगमोहन, गुड्डू, संतराम सोनी, रामबाबू आदि ने बताया कि यह जर्जर पोल किसी भी वक्त गिर सकता है। इसके गिरने से हाईवे सहित बस्ती के अंदर जाने वाले लोग कभी बड़े हादसे का शिकार हो सकते हैं। कई मर्तबा विद्युत विभाग से शिकायत करके इसको बदलने की मांग रखी गई लेकिन परिणाम ढाक के तीन पात है।विद्युत वितरण उपखंड के अवर अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है। मौके पर पोल की स्थिति देख ली गई है। तीन दिवस में उसको बदलकर नया पोल लगा दिया जाएगा।

# सपोर्टिंग वायर में उतरे करेंट से भैंस की मौत

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर।क्षेत्र के इंगोहटा गांव में विद्युत खंभे के सपोर्टिंग वायर में उतरे करेंट से करीब 80 हजार कीमत की भैंस की मौत हो गई। पशुपालक कादिर ने बताया कि उसकी भैंस गुरुवार की सुबह घर के बाहर बंधी थी। जहां पास में बिजली का खंभा है।जिसमें सपोर्टिंग वायर भी लगा है ।उसमें उतर रहे करेंट की चपेट आकर भैंस की मौके पर ही मौत हो गई।पशु पालक का कहना है कि भैंस के मरने से उसकी करीब 80 हजार की क्षति हुई है।

# चौपाल कार्यक्रम में डीएम ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने आज तहसील मुसाफिरखाना अंतर्गत चकबंदी कार्यों को लेकर जनपद के सबसे पुराने गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह ने बताया कि इस गांव में कुल 1464 खातेदार हैं तथा 3697 गाटा संख्या है गांव में कुल तीन मजरे हैं। उन्होंने बताया कि इस गांव में 1980 के दशक से चकबंदी की प्रक्रिया चली आ रही थी जो अब 2024 में पूर्ण हुई है सभी अभिलेख काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में थे जिन्हें बड़ी मशक्कत के बाद दुरुस्त कराया गया है अब चकबंदी की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत सारे अभिलेखों, नक्शा को तहसील में जमा कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि





ऑनलाइन खतौनी ना होने के कारण इस गांव के लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था अब चकबंदी की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत सभी अभिलेख व खतौनी ऑनलाइन फीड की जाएगी उसके उपरांत ग्रामीण शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि धारा 52 का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएगा, शासन की स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत इस गांव में धारा 52 की कार्यवाही सम्पन्न हो जाएगी। चौपाल के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक में ग्रामीणों से चकबंदी प्रक्रिया से संतुष्ट होने की जानकारी ली गई जिस पर सभी ग्रामीणों ने कहा कि चकबंदी प्रक्रिया से किसी को कोई परेशानी नहीं है। वही चौपाल में ग्रामीणों द्वारा बताया गया की 2003 में गांव में 159 लोगों को पट्टा आवंटन हुआ था जिनका राजस्व अभिलेखों में अभी तक अमलदरामद नहीं हो पाया है इसके लिए जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना व तहसीलदार मुसाफिरखाना को निर्देशित किया कि एक माह के अंदर आवश्यक कार्यवाही करते हुए कमियों को दुरूस्त कर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना प्रीति तिवारी, क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना, तहसीलदार मुसाफिरखाना सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना का डीएम व एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण



**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने आज विकासखंड मुसाफिरखाना अंतर्गत ग्राम पंचायत नारा अढ़नपुर में जल जीवन मिशन के तहत निमार्णाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर कार्य प्रगति का जायजा लिया, मौके पर श्रमिक कार्य करते पाए गए, जिलाधिकारी ने श्रमिकों से निर्माण कार्य की स्थिति की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार मुसाफिरखाना सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# अमेठी में पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़:एक बदमाश के पैर में लगी गोली

## तमंचा कारतूस और अपाचे बाइक बरामद

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी में देर रात पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि उसका दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जहां उसका इलाज चल रहा है। बदमाश के पास से एक तमंचा,एक जिंदा कारतूस,एक खोखा और एक बाइक बरामद हुआ है। बदमाश ने एक सप्ताह पहले हत्या के मुकदमे मे सुलह करने का दबाव बनाने के लिए मोहद्दीपुर गांव में घर के बाहर अंधाधुंध फायरिंग की थी ।दरअसल, ये पूरा मामला मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र का है ।जहां देर रात पुलिस को मुखबिर







से से सूचना मिली कि मुकदमे में वांछित शातिर बदमाश संदीप सिंह अपने एक अन्य साथी के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने मुसाफिरखाना की तरफ जा रहा है। सूचना मिलते ही हरकत में आई पुलिस ने रसूलाबाद जंगल के पास घेराबंदी शुरू कर दी तभी सामने से एक बाइक आती दिखाई दी, जिसे रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी ।पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में बदमाश संदीप सिंह के पैर में गोली लगी और वो वही गिर पड़ा जबकि उसका एक साथी मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। बदमाश के पास से एक तमंचा एक जिंदा कारतूस एक खोखा और एक अपाचे बाइक बरामद हुई है। बदमाशों ने हत्या के मुकदमें में दबाव बनाने के लिए मोहद्दीपुर गांव के रहने वाले सुनील सिंह के घर के बाहर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी ।गिरफ्तार बदमाश संदीप सिंह पुत्र बासदेव सुल्तानपुर जिले के बन्धुवाकला थाना क्षेत्र के करकरहिया गांव का रहने वाला है। घायल बदमाश का मुसाफिरखाना सीएचसी में इलाज चल रहा है, जबकि फरार बदमाश की तलाश में पुलिस ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है।

# प्रधान ने राजस्व परिषद को शिकायत भेज विद्यालय निर्माण रोके जाने की मांग

**अमन लेखनी समाचार**

भरुआ, सुमेरपुर। ग्राम पंचायत बण्डा के पूर्व प्रधान ने मुख्यमंत्री, अध्यक्ष राजस्व परिषद, आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद को शिकायती पत्र भेजकर पुश्तैनी जमीन पर परिषदीय विद्यालय का भवन बनाने का आरोप लगाकर निर्माण रोके जाने की मांग की है।बण्डा के पूर्व प्रधान संजय सिंह का आरोप है कि वह गाटा संख्या 440, 441, 442, 443, का संक्रमणीय भूमिधरीय किसान है। कुछ वर्ष पूर्व उसके गाटा संख्या 440 व 442 के कुछहिस्से में विद्यालय की इमारत बना दी गई थी। जो अब जीर्णशीर्ण होकर क्षतिग्रस्त हो गई है। नई इमारत बनाने के लिए पुनः उसकी पैतृक जमीन को फिर निशाना बनाया जा रहा है।जबकि उक्त नंबरों में कहीं भी विद्यालय भूमि दर्ज नहीं है।इसका रिकॉर्ड भी बेसिक शिक्षा विभाग के पास नहीं है। इसके बाद शिक्षा विभाग व ग्राम प्रधान की सह पर गाटा संख्या 440 व 442 की जमीन पर विद्यालय की इमारत का निर्माण कराने की फिराक में है। पूर्व प्रधान ने आरोप लगाया कि उसे शिक्षा विभाग के अफसर फर्जी मुकदमे फंसाने की धमकी दे रहे हैं। पूर्व प्रधान ने आरोप लगाया है कि प्रधान पति टॉपटेन अपराधी होने के साथ सजायाफ्ता है। उसने जान का खतरा बताते हुए अधिकारियों से विद्यालय का निर्माण रोके जाने तथा जान माल की सुरक्षा की मांग की है। खंड शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार निगम ने बताया कि मामला संज्ञान में है।राजस्व विभाग को पत्राचार किया गया है।राजस्व विभाग की रिपोर्ट के बाद ही निर्माण कराया जाएगा।

# मतदेय स्थलों के आलेख्य प्रकाशन से सम्बन्धित आपत्ति व सुझाव ससमय करायें उपलब्ध

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 25 के उपबन्धों के अनुसरण में उ0प्र0, राज्य क्षेत्र के अमेठी जिले की संसदीय/समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत आपत्तियों एवं सुझावों हेतु एन0आई0सी0 के डी0ई0ओ0 पोर्टल एवं सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा जिला निर्वाचन कार्यालय, अमेठी के नोटिस बोर्ड पर मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची चस्पा कराते हुए 11 सितम्बर 2024 को आलेख्य प्रकाशन किया गया। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि जनपद के जनसामान्य एवं समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों




के प्रतिनिधियों द्वारा उक्त आलेख्य रूप से प्रकाशित मतदेय स्थलों की सूची में कोई आपत्ति एवं सुझाव होने पर उन्हें सम्बन्धित तहसील/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में एवं जिला निर्वाचन कार्यालय अमेठी में 13 सितम्बर 2024 तक उपलब्ध करा दें, जिससे प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों का समय से निस्तारण किया जा सकें।

# छात्रा का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी पर मुकदमा

### आरोपी बना रहा था शादी का दबाव

**अमन लेखनी समाचार**

भरुआ, सुमेरपुर। नाबालिग छात्रा का अश्लील वीडियो बनाकर शादी का दबाव बनाने पर छात्रा की मां ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि महोबा जनपद के खरेला कस्बा निवासी हर्ष प्रताप सिंह ने उसकी नाबालिग पुत्री के बहला फुसलाकर अश्लील वीडियो बना लिए हैं और इनको वायरल करने की धमकी देकर शादी करने का दबाव बना रहा है।पुलिस ने पीडिता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ धारा 74, 126, 351, 351(3), 126(2), 151(2)(3) तथा पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# आईटीआई में विदेशों में नौकरी के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए सुनहरा मौका :डीएम

## एनएसडीसी के माध्यम से काउंसलिंग कार्यक्रम का किया गया आयोजन





**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज में जिला सेवायोजन कार्यालय अमेठी के सौजन्य से विदेशों में नौकरी के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए एनएसडीसी के माध्यम से काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में 304 बेरोजगार अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर एनएसडीसी के प्रतिनिधि अनुराग श्रीवास्तव व गोपाल मिश्रा द्वारा इजराइल, स्लोवाकिया व सऊदी अरब में उपलब्ध नौकरियों की संपूर्ण जानकारी तथा नौकरियों से संबंधित प्रशिक्षण की जानकारी अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में जिलाधिकारी निशा अनंत द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिंदगी में संघर्ष बहुत जरूरी है शुरूआती दिनों में संघर्ष आपके जीवन को सफल बनाएगा, किसी एजेंट के माध्यम से रोजगार हेतु विदेश जाने से उचित होगा कि राजकीय संस्था एनएसडीसी के द्वारा ही रोजगार हेतु विदेश जाएं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपम रानी, प्रधानाचार्य आईटीआई विवेक कुमार, प्लेसमेंट अधिकारी अजय कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

# जब आप करें अपने कानों की क्लीनिंग



कानों की सफाई के लिए आप अक्सर मैल निकालते होंगे। लेकिन कुछ लोग ऐसा करने में बहुत लापरवाही करते हैं। इससे कानों को अस्थायी या स्थायी रूप से नुकसान हो सकता है या इंफेक्शन हो सकता है। ऐसा आपके साथ ना हो, इसके लिए पूरी सावधानी बरतें।

प्रिकॉशन

डॉ. उत्तम अग्रवाल
ईएनटी विशेषज्ञ, कोलकाता

आराध्या अपने ग्यारह साल के बेटे शैलेष के कानों से खून निकलता देख घबरा गई। पूछने पर पता चला कि वह इयरबड्स से कानों की सफाई करने की कोशिश कर रहा था, तो असावधानीवश उसे कुछ ज्यादा ही दबाव से भीतर घुमा दिया। इससे उसके कान का भीतरी कोमल भाग डैमेज हो गया।

हममें से अधिकतर लोग कानों की सफाई या कानों को खुजाने के लिए लोहे या तांबे की कान कुचरनी, माचिस की तीली या कॉटन स्वैब का प्रयोग करने के अभ्यस्त होते हैं। लेकिन जरा सी असावधानी से आपको इसके घातक परिणाम झेलने पड़ सकते हैं। इसलिए ऐसा कुछ भी ना करें और कानों की सफाई सावधानी के साथ करें।



**इयर वैक्स है फायदेमंद:** डॉक्टर्स का कहना है कि सबसे पहले आप यह समझ लें कि इयर वैक्स जिसे आप मैल कहते हैं, आपके कानों की दुश्मन नहीं बल्कि दोस्त है। इसे जबरन निकालना कतई आवश्यक नहीं है। यह हमारे कानों में मौजूद डेड सेल्स, पसीने, स्किन सेल, डस्ट आदि के मिश्रण से बनती है। यह वैक्स हमारे कानों के भीतरी हिस्से का सुरक्षा घेरा देती है, जिसमें बाहरी फंगस, बैक्टीरिया, डस्ट आदि बाहरी घेरे में ही फंस जाते हैं।

**खुद ही निकल जाती है:** हमारे कानों में जब इयर वैक्स की मात्रा ज्यादा हो जाती है तो यह हमारा मुंह हिलने या जबड़े ऊपर-नीचे होने पर खुद ही सतह पर उभर कर आसानी से निकल जाती है। वहीं जब हम इसे कॉटन स्वैब से निकालने की कोशिश करते हैं तो यह बाहर आने की बजाय कान के भीतरी हिस्से में घुस जाता है और हार्मफुल साबित हो सकता है।

**हार्मफुल है कॉटन स्वैब:** आपको कॉटन स्वैब देखने में भले ही कोमल लगती हो लेकिन यह आपके कानों की बेहद कोमल दीवारों को छील सकती है। इससे वैक्स और ज्यादा बनने लगती है, जिससे इंफेक्शन, खुजली, दर्द और कानों में असहजता का अनुभव हो सकता है। स्थिति ज्यादा जटिल हो जाए और यह कान में भर जाए तो सुनने में भी दिक्कत हो सकती है। विशेष रूप से एक्जिमा या सोरायसिस जैसी समस्याओं से जूझ रहे लोगों को ज्यादा तकलीफ हो सकती है। इसलिए आपको कभी लगे कि वैक्स ज्यादा जमा हो गया है तो किसी ईएनटी विशेषज्ञ से मिलकर कानों की सफाई करवा लें ।

**ऐसे करें कानों की सफाई :** विशेषज्ञ कहते हैं कि आपको समझ लेना चाहिए कि हमारे कानों में नर्व एंडिंग्स होती हैं। जाहिर है ये काफी संवेदनशील और नाजुक होती हैं। इसलिए कानों की सफाई के लिए अत्यधिक सावधानी बरतनी जरूरी है। ऐसा ना करने पर ये नर्व्स डैमेज हो सकती हैं।

**कपड़े से करें क्लीन:** कानों के बाहरी हिस्से यानी इयर पिन्ना को साफ करने के लिए एक साफ-सुथरा भीगा हुआ कपड़ा लें और इसे हल्के हाथों से पोंछ दें। आसानी से जहां तक आपकी अंगुली घुसे, वहीं तक सफाई करें। ज्यादा भीतर तक कपड़ा घुसाने की कोशिश ना करें।

**इयर ड्रॉप्स हैं कारगर:** कानों की सफाई के लिए इयर ड्रॉप्स बेहतरीन और सुरक्षित उपाय हैं। बाजार में आपको ऐसे कई ड्रॉप्स मिल जाएंगे, जो सूखे, पपड़ीदार इयर वैक्स को नम करके निकलने में मददगार साबित होते हैं। इनके प्रयोग से कान का मैल फूल कर बाहर आ जाता है। लेकिन ध्यान रखें कि कान में कोई भी इयर ड्रॉप अपनी मर्जी से लेकर ना डालें। हमेशा ईएनटी विशेषज्ञ से कंसल्ट करके ही कोई इयर ड्रॉप कानों में डालें। *

**प्रस्तुति:अंजू जैन**

इन दिनों मौसम में तेजी से बदलाव हो रहे हैं। कभी ठंड, कभी उमस भरी गर्मी। इससे वातावरण में असंख्य बैक्टीरिया और वायरस एक्टिव हो जाते हैं। ऐसे में जीवनशैली या खान-पान में जरा-सी लापरवाही बरतने से गले का इंफेक्शन हो जाता है। हालांकि इससे बचाव संभव है लेकिन यदि संक्रमण हो जाए तो घरेलू उपचार भी संभव है।

# तेजी से फैल रहा है गले का संक्रमण जान लें उपचार-बचाव के उपाय

हेल्थ एडवाइस

रेखा देशराज







बारिश का मौसम जब खत्म हो रहा होता है, जब बारिश काफी हो चुकी होती है, मौसम थोडा ठंडा और उमस से भरा होता है, तब वातावरण में मौजूद नमी या आर्द्रता के कारण बैक्टीरिया और वायरस काफी बढ़ जाते हैं। यही कारण है कि इस मौसम में सामान्य फ्लू, पेट खराब होने और गले के इंफेक्शन के मामले बहुत ज्यादा दिखते हैं। वैसे तो गले के इस संक्रमण और दर्द से तात्कालिक राहत पाने के लिए हर चिकित्सा पद्धति में कई दवाएं उपलब्ध हैं, लेकिन इस मामले में कई घरेलू उपायों और नुस्खों को काफी कारगर पाया गया है। अगर आप भी गले के संक्रमण से परेशान हैं या आपके घर में इन दिनों कोई ना कोई गले के इंफेक्शन से पीड़ति है, तो यहां बताई जा रही बातें आपके लिए उपयोगी हो सकती हैं।

## ना बरतें लापरवाही

इस मौसम में होने वाले इंफेक्शन को गंभीरता से लेना चाहिए, जरा भी लापरवाही ना बरतें। अगर 10 दिनों से ज्यादा समय तक गले में खराश, दर्द और चुभन बनी हुई है, तो यह किसी गंभीर बीमारी का संकेत भी हो सकता है, इसलिए तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। हम यहां आपको बता रहे हैं कि इस मौसम में गले में होने वाले इंफेक्शन से देसी तरीके से कैसे निपटा जा सकता है? इसके लिए सबसे पहले तो यह जानना जरूरी है कि किन वजहों से गले में यह परेशानी होती है और यह भी कि इससे छुटकारा पाने के लिए क्या किया जाए?

## ऐसे होता है गले का इंफेक्शन

चूंकि हमारे शरीर के एंट्री पॉइंट नाक और मुंह के जरिए गला होता है, इसलिए प्रदूषित वातावरण में सांस लेते समय वायरस और बैक्टीरिया शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। वैसे तो ये शरीर में प्रवेश करके तुरंत कोई हलचल नहीं मचाते बल्कि चुपचाप पड़े रहते हैं। लेकिन जैसे ही मौसम में उमस और हल्की ठंडक घुलती है तो शरीर में निष्क्रिय पड़े ये बैक्टीरिया सक्रिय हो जाते हैं। आयुर्वेद में इन मौसम में गले में संक्रमण का मुख्य कारण वात, पित्त और कफ का असंतुलित होना बताया गया है। आयुर्वेद के मुताबिक जब शरीर में कफ और वात दूषित हो जाते हैं, तब गले में संक्रमण की परेशानी होती है। गले में इंफेक्शन के लक्षण जितनी जल्दी पता चल जाएं, उतनी जल्दी इसका इलाज किया जाना चाहिए।



## आजमाएं ये कारगर उपाय

गले में जैसे ही कुछ कांटे जैसा चुभे, थूक निगलने में दर्द हो तो तुरंत कुछ उपाय आजमाएं। ये उपाय कई आयुर्वेदिक विशेषज्ञों की सलाह पर आधारित है।

- गर्म चीजों का सेवन करें क्योंकि बैक्टीरिया ज्यादा गर्माहट सहन नहीं कर पाते हैं।
- गुनगुने पानी में नमक डालकर गरारे शुरू कर दें, इससे खराश और दर्द से राहत मिलती है।
- गार्गल करते समय कुछ-कुछ देर तक नमक मिले गुनगुने पानी को मुंह में रखें, लेकिन 5 से 10 सेकेंड ही इससे ज्यादा नहीं।
- गार्गल के पूरे प्रोसेस को कम से कम तीन से चार बार दोहराएं।
- गार्गल करने के बाद सीधे खुली हवा या एसी रूम में ना जाएं और गले को कपड़े से अच्छी तरह ढंक कर रखें।
- अदरक वाली गर्म चाय पिएं, इससे भी राहत मिलती है। दरअसल, अदरक में बैक्टीरिया और वायरस से लड़ने की क्षमता होती है।
- गर्म पानी में 2 चम्मच सेब का सिरका डालकर पिएं। इसका अम्लीय गुण गले के बैक्टीरिया को खत्म करता है।
- रात में गर्म दूध में एक चम्मच हल्दी पावडर डालकर पीने से दर्द, सूजन और इंफेक्शन से छुटकारा मिलता है।
- तुलसी का काढ़ा बनाकर पीएं, क्योंकि तुलसी में एंटी ऑक्सीडेंट और एंटी बायोटिक गुण पाए जाते हैं, इससे गले का इंफेक्शन रुकता है।

अगर आप गले में इंफेक्शन के एहसास होते ही ये उपाय करते हैं तो 99 फीसदी उम्मीद है कि आप अपने संक्रमित गले को जल्द से जल्द सही कर लेंगे। लेकिन यदि ज्यादा दिन हो गए हों और इंफेक्शन सही होने का नाम ना ले रहा हो तो तुरंत डॉक्टर से कंसल्ट करें।

## संक्रमण से बचाव के उपाय

कहते हैं इलाज से बचाव ज्यादा बेहतर होता है। इसलिए इस मौसम में गले में इंफेक्शन ना हो, इसके लिए कुछ सावधानियां जरूर बरतें।



- इस बदलते मौसम में चूंकि वातावरण में लगातार बारिश के कारण ठंडक हो जाती है, इसलिए गर्मी लगने या बेचैनी होने के बाद भी एसी वाले कमरे में रात भर ना सोएं।
- इस मौसम में पंखे के ठीक नीचे या कूलर के पंखे के सामने लेटने से भी बचें।
- इस मौसम में अगर आपको हल्की ठंडक महसूस हो रही हो तो गर्म कपड़े पहनने में कोई बुराई नहीं है।
- खान-पान में भी सावधानी बरतें। अपनी रोजाना की डाइट में खट्टे फलों को शामिल करें, जो विटामिन-सी से भरपूर होते हैं। इसके कारण जुकाम होने या गले में इंफेक्शन होने की आशंका कम रहती है।
- हर मौसम की तरह इस मौसम में भी अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाए रखने के लिए नियमित तौर पर मौसमी फल और हरी सब्जियों से युक्त डाइट लें।
- इस मौसम में ठंडा पानी खासकर फ्रिज में रखा ठंडा पानी पीने से बचें। इस मौसम में फ्रिज में रखी ठंडी डिशेज को भी खाने से बचना चाहिए।
- रोज रात में सोने के 2 से 3 घंटे पहले डिनर जरूर कर लें। भले आपके इर्द-गिर्द कोई बीमार या इंफेक्शन से पीड़ित ना हो, लेकिन खाना खाने से पहले साबुन से हाथ जरूर धोएं।
- इस मौसम में बाजार में मिलने वाली ऑयली और मसालेदार चीजें खाने से बचें।
- गर्म के तुरंत बाद ठंडी और ठंडी के तुरंत बाद गर्म चीजों का सेवन तो भूलकर भी ना करें।
- गले के इंफेक्शन से बचने के लिए स्मोकिंग और अल्कोहल से भी दूर रहना चाहिए। *

घरेलू उपचार

# औषधीय गुणों से भरी हल्दी

हल्दी, भारतीय रसोई घरों में मौजूद रहने वाला जरूरी मसाला है। मसालों में नंबर एक और मांगलिक कामों में भी अग्रणी है। स्वादवर्धक के अतिरिक्त इसमें स्वास्थ्य रक्षक गुणों का भी भंडार है। यह दो प्रकार की होती है। एक जो मसाले के तौर पर इस्तेमाल होने वाली पीली हल्दी, दूसरी काली या आंमा हल्दी होती है। यहां पीली हल्दी के गुणों के बारे में बता रहे हैं।

- हल्दी की तासीर गर्म होती है। यह वात और कफ का शमन करती है।
- इसका प्रयोग दांतों के रोगों, त्वचा रोग, मूत्ररोग और यकृत विकारों में किया जाता है।
- चेहरे की चमक के लिए इसके पावडर को मलाई में मिलाकर चेहरे पर लगाएं। आधे घंटे बाद गुनगुने पानी से चेहरा धोने से चेहरे पर निखार आता है।
- हृदय रोगी इसका सेवन करते हैं तो यह खून को पतला रख धमनियों में रक्त संचार सुचारु रखती है।



- नींद ना आती हो, बीच-बीच में नींद टूटती हो तो सोते समय इसको दूध में मिला कर पीना उक्त समस्या से छुटकारा दिलाने में सक्षम है।
- मधुमेह (डायबिटीज) रोगियों के लिए इसका सेवन हितकर है। यह पेट के गैस और सूजन को भी दूर करता है।
- नजला, जुकाम, एलर्जी की खांसी की परेशानी में गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी मिलाकर सोते समय पीना लाभकारी है।
- सभी प्रकार के चर्मरोगों के लिए कच्ची हल्दी और आंवले का रस मिला कर प्रभावित अंग पर लगाना हितकर है।
- पेट के कीडों के लिए इसके साथ गुड़ मिलाकर खाना लाभदायक है।
- मुंह में छाले हों, गले में दर्द हो तो गर्म पानी में हल्दी डाल कर कुल्ले करने चाहिए।
- महिलाओं में पीरियड्स की गड़बड़ी, पाचन संबंधी परेशानी और वायरल इंफेक्शन से बचाव में इसका सेवन हितकर है।

औषधीय गुणों से भरपूर हल्दी के बारे में यहां बताए गए सभी उपाय व उपचार सामान्य हैं। सेवन से पहले अपने वैद्यजी या आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य करें। *

**-वैद्य हरिकृष्ण पांडेय 'हरीश'**

अवेयरनेस

मधु सिंह

हालांकि अब बारिश का मौसम समाप्त हो रहा है, लेकिन मच्छरों का प्रकोप बना हुआ है। मच्छर काटने से होने वाले रोगों का रिस्क बना हुआ है। ऐसे में जरूरी है कि मच्छरों के काटने से खुद को बचाया जाए और इनके घर में प्रवेश को रोकने के लिए हर संभव उपाय अपनाए जाएं।

# इस मौसम में ऐसे रखें घर को मच्छरों से मुक्त



इस मौसम में मच्छरों की तादाद तेजी से बढ़ने लगती है, क्योंकि यह मौसम उनकी ब्रीडिंग का होता है। मच्छरों के काटने की वजह से डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी कई बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है।

**मच्छर क्यों काटते हैं:** हम इंसानों को सिर्फ फीमेल मच्छर ही काटते हैं। मच्छरों के डंक के माध्यम से हमारी त्वचा के भीतर उनका स्लाइवा चला जाता है, जिसमें ऐसा प्रोटीन होता है, जो कि खून को जमने से रोकता है और इस तरह मच्छर के पेट में इंसान का खून पहुंच जाता है। लेकिन मच्छरों के स्लाइवा में रहने वाली प्रोटीन की वजह से हमारी त्वचा पर कई तरह के एलर्जिक रिएक्शन होते हैं। मच्छर काटने से त्वचा पर दाने निकलना, खुजली होना, लाल रंग के चकत्ते पड़ा और त्वचा में सूजन जैसी समस्याएं होती हैं। इसके साथ ही डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी गंभीर बीमारी फैलने का खतरा भी रहता है। इसलिए मच्छरों से बचाव जरूरी है।



**घर में घुसने से रोकें:** मच्छरों की घर में आवाजाही रोकने के लिए सबसे जरूरी है, घर के दरवाजे जालीदार होने चाहिए। शाम के समय सभी दरवाजों और खिड़कियों को अच्छी तरह बंद कर दें। क्योंकि धूप मच्छरों को घर से दूर रखती है, लेकिन शाम के बाद ये ज्यादा सक्रिय हो जाते हैं और घर के अंदर आ जाते हैं। अगर किसी काम से दरवाजा खोलना पड़े तो काम होने के बाद तुरंत दरवाजा बंद कर दें, क्योंकि मच्छर भी जाली पर बैठे रहते हैं और वो दरवाजा खुलते ही घर के अंदर आ जाते हैं।

**मच्छरों को पनपने से रोकें:** अपने घर के आस-पास सफाई का पूरा ध्यान रखें। पुरानी बेकार चीजें और खाली बर्तन डिब्बे आदि ना रखें, क्योंकि इनमें मच्छर पनपने लगते हैं। एसी, कूलर की नियमित सफाई करें, यदि घर में कूलर का इस्तेमाल करते है, तो उसमें रोज ताजा पानी भरें। बीच-बीच में कूलर का पूरा पानी निकाल कर उसे धूप में सुखाएं ताकि उनमें पनपने वाले मच्छरों के अंडे और लारवा धूप से खत्म हो जाएं। बालकनी, गार्डन, छत पर रखे गमलों में जमा पानी मच्छरों की ब्रीडिंग की जगह हो सकते हैं। अगर घर के अंदर कोई स्टोर रूम या किचन में खाली जगह है, जहां आप पुरानी चीजों को रखते हैं तो समय-समय पर उन जगहों की सफाई करें ताकि मच्छर वहां ना पनपें। अगर घर में फ्लावर पॉट में ताजे फूल रखते हैं तो उनका पानी बदलें। घर में पानी में लगाए गए पौधों का भी पानी नियमित बदलें। शाम के समय दरवाजों, खिड़कियों, बेड के नीचे और अंधेरे कोनों में मॉस्किटो स्प्रे का इस्तेमाल करें, क्योंकि इन्हीं जगहों पर मच्छर छिपकर बैठे रहते हैं, जो रात के समय काटते हैं।



**मच्छर भगाने वाले पौधे रखें:** मच्छर भगाने वाले पौधे प्राकृतिक रूप से मच्छरों को दूर रखते हैं, क्योंकि उनमें कुछ ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो मच्छरों को ब्रीडिंग से रोकते हैं। इन्हें पनपने से रोकने के लिए अपने घर के अंदर या बाहर की सजावट में लैवेंडर, तुलसी और पुदीने के पौधे लगाएं।

**कपड़ों का रंग:** हल्के रंग के कपड़ों पर कम मच्छर आते हैं, यह गहरे रंगों की तरफ ज्यादा आकर्षित होते हैं। इसलिए इस मौसम में हल्के रंग के कपड़े पहनें जैसे-हल्का गुलाबी, हल्का पीला, सफेद आदि। सोते समय जिन कपड़ों को पहन कर सोएं, वो ढीले, पूरी बाजू के और कंफर्टेबल होने चाहिए ताकि मच्छरों को आपके शरीर पर बैठने और काटने के लिए कम से कम जगह मिले। अगर आप घर में मॉस्किटो क्वॉयल या लिक्विड वेपोराइजर का इस्तेमाल करते हैं, तो इनका भी हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर होता है। इससे सिरदर्द, बेचैनी, उल्टी, घबराहट आंखों में इंफेक्शन होने का डर रहता है। यदि आप इनका उपयोग नहीं करना चाहते हैं तो मॉस्किटो रैकेट से कमरे में मच्छरों का सफाया कर सकते हैं। *

फिटनेस

शिखर चंद जैन

ओल्ड एज में अधिकतर लोग बोंस प्रॉब्लम और फिटनेस की कमी से परेशान रहते हैं। इसके लिए जरूरी है कि पहले से ही लाइटवेट प्रैक्टिस और एक्सरसाइज को अपनी रूटीन में शामिल किया जाए। इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

# करें लाइटवेट प्रैक्टिस-एक्सरसाइज ओल्ड एज में रहेंगे फिट-एनर्जेटिक





सदानंद जी, जिनकी उम्र 57 वर्ष है अपने दोनों हाथों में फल, सब्जियों और राशन के थैले उठाए अपने घर की ओर जा रहे थे। उनके पड़ोसी रामेश्वर जी रिक्शे में बैठकर उधर से गुजर रहे थे। उन्होंने आवाज लगाई, 'सदानंद जी, क्यों इस उम्र में इतना बोझ उठाकर पैदल जा रहे हैं, आइए रिक्शे पर बैठ जाइए, उधर ही जा रहा हूं, आपके घर के सामने उतार दूंगा।' सदानंद जी ने मुस्कुराकर कहा, 'रामेश्वर जी, मुझे तो आदत पड़ गई है। ये मेरा रोज का रूटीन है। वॉकिंग भी हो जाती है और वेट लिफ्टिंग का अभ्यास भी बना रहता है। इस उम्र में ऐसा करने का मुझे ही फायदा मिलेगा।' सच है, अगर आप अपना बुढ़ापा आने से पहले ही नियमित रूप से वजन उठाने की आदत डाल लें तो आपको बुढ़ापे में वजन उठाना और चलना-फिरना सताएगा नहीं।

**क्या कहते हैं शोध:** सेहत विज्ञानियों द्वारा हाल ही में किए गए एक शोध में पाया गया है कि नियमित बोझ उठाने का अभ्यास करने से पैरों और शरीर की अन्य मसल्स में ना सिर्फ मजबूती आती है बल्कि इनका लचीलापन और मोबिलिटी भी बढ़ जाती है। यह रिपोर्ट बीएमजे ओपन स्पोर्ट एंड एक्सरसाइज मेडिसिन जर्नल में प्रकाशित हुई है। 64 से 75 वर्ष की आयु समूह के कुछ स्वस्थ बुजुर्गों पर किए गए अध्ययन के बाद पता चला कि एक वर्ष की हैवी रेजिस्टेंस ट्रेनिंग शरीर की नसों को मजबूत, लचीला और क्रियाशील बनाने में महत्वपूर्ण रूप से फायदेमंद साबित होती है। इससे पैरों में मजबूती आती है। साथ ही बुढ़ापे में शरीर अचल, शिथिल और कमजोर नहीं बल्कि फुर्तीला और मजबूत बनता है।

**बढ़ती है मसल्स मास-बोन डेंसिटी:** वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ और ज्वाइंट रिप्लेसमेंट-स्पाइन सर्जन डॉक्टर यश गुलाटी कहते हैं कि हैवी रेजिस्टेंस ट्रेनिंग उम्रदराज वयस्कों के लिए काफी लाभकारी होती है। क्योंकि इससे मसल्स मास, बोन डेंसिटी और मोबिलिटी बढ़ती है। लेकिन इसका मतलब क्षमता से ज्यादा या बहुत भारी वजन उठाना कतई नहीं है। कहने का तात्पर्य यह है कि व्यक्तिगत स्तर पर आकलन करके नियमित यथाशक्ति वजन उठाना चाहिए। यह वजन इतना जरूर हो कि 6 से 12 बार उठाते ही थकान महसूस होने लगे, तभी यह प्रभावी होगा। हां, शुरू-शुरू में वजन थोड़ा कम और धीरे-धीरे से बढ़ना चाहिए।

**सार्कोपीनिया से बचाव:** कोलकाता स्थित बेल व्यू क्लिनिक में वरिष्ठ अस्थिरोग विशेषज्ञ **डॉक्टर राजेश मोर** कहते हैं कि जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, उम्रदराज लोग सार्कोपिनिया का सामना करते हैं। इसमें मसल्स मास, विशेष रूप से शरीर के निचले हिस्सों में कम होने लगता है। इससे उनकी मोबिलिटी कम होने लगती है, चलने की गति धीमी होने लगती है और चलते वक्त गिरने की संभावना बढ़ने लगती है। इसलिए मसल्स की स्ट्रेंथ को मेंटेन रखना बेहद जरूरी है। सार्कोपेनिया का असर कम करने के लिए वेट लिफ्टिंग ट्रेनिंग आवश्यक है।

**बढ़ाए प्रोटीन नेटवर्क फॉर्मेशन:** विशेषज्ञ कहते हैं कि हैवी रेजिस्टेंस ट्रेनिंग का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इससे पैरों की स्ट्रेंथ मेंटेन होती है, हड्डियां मजबूत होती हैं और मसल्स की ग्रोथ होती है। इसके प्रभाव से शरीर प्रोटीन नेटवर्क फॉर्मेशन बढ़ाता है और मिनरल को एब्जॉर्ब कर हमें स्ट्रांग बनाता है।

**ट्रेनर की देख-रेख जरूरी:** हैवी रेजिस्टेंस ट्रेनिंग अनुभवी ट्रेनर की देख-रेख में करनी चाहिए। अगर आप ऑस्टियोपोरोसिस, हाइपरटेंशन कार्डियोवैस्कुलर डिजीज या जोड़ों की समस्या से परेशान हैं या किसी प्रकार की क्रॉनिक बीमारी से जूझ रहे हैं तो समुचित आकलन करने के बाद ही वजन उठाने की ट्रेनिंग शुरू करनी चाहिए। *